


दैनिक

# कीर्तिप्रभा

खबरों के सच का निर्भीक आइना

■ रीवा ■ भोपाल से एक साथ

वर्ष : 28, अंक : 234   पृष्ठ 12, रीवा

शनिवार 16 मई 2026

मूल्य : 3.00 रुपए




## नीट-यूजी 2026 में बड़ा बदलाव, अगले साल से कंप्यूटर बेस्ड होगी परीक्षा

### -पेपर लीक मामले के बाद केंद्र सरकार का बड़ा फैसला

### -री-एग्जाम 21 जून को



नई दिल्ली। नीट-यूजी 2026 एग्जाम में पेपर लीक विवाद के बाद केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाते हुए मेडिकल प्रवेश परीक्षा प्रणाली में व्यापक बदलावों का ऐलान किया है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि छात्रों के हितों की रक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और भविष्य में किसी भी तरह की गड़बड़ी रोकने के लिए अगले वर्ष से नीट परीक्षा कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट (सीबीटी) मोड में आयोजित की जाएगी।

शिक्षा मंत्री ने बताया कि इस वर्ष आयोजित परीक्षा में पेपर लीक की पुष्टि होने के बाद सरकार ने निष्पक्षता बनाए रखने के लिए दोबारा परीक्षा कराने का निर्णय लिया है। उन्होंने घोषणा की कि नीट-यूजी 2026 का री-एग्जाम 21 जून को आयोजित होगा। सरकार का मानना है कि इससे मेहनती छात्रों के साथ न्याय सुनिश्चित किया जा सकेगा। धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि कुछ लोग सोशल मीडिया पर भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन सरकार पूरी पारदर्शिता के साथ कार्रवाई कर रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस बार पेपर लीक माफिया और फर्जी अभ्यर्थियों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा।

## यूपी में प्राकृतिक आपदा- आंधी-तूफान से 111 की मौत, वैश्विक नेताओं ने जताया शोक

### योगी के निर्देश, 24 घंटे के भीतर प्रभावित परिवारों तक राहत पहुंचे

लखनऊ, उत्तर प्रदेश में बीते 36 से 48 घंटों के दौरान आए भयंकर आंधी-तूफान, भारी बारिश और बिजली गिरने से व्यापक तबाही हुई है। 13 और 14 मई को राज्य के विभिन्न हिस्सों में प्राकृतिक कहर ने 111 लोगों की जान ले ली, जबकि 72 अन्य घायल हो गए। इस भीषण त्रासदी में जान-माल का भारी नुकसान हुआ है, जिसकी गूंज विदेशों तक पहुंची है और कई वैश्विक नेताओं ने इस पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

इस दुखद घटना पर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारत के राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। क्रेमलिन द्वारा जारी बयान के अनुसार, पुतिन ने प्राकृतिक आपदा में मारे गए लोगों के



परिवारों के प्रति सहानुभूति जताकर और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने उत्तर प्रदेश में चक्रवात से हुई भारी क्षति और जानमाल के नुकसान पर अपनी संवेदनाएं प्रकट करते हुए पीड़ितों के परिवारों और मित्रों को समर्थन का संदेश भेजा। सिंगापुर के उच्चायुक्त साइमन वोंग ने एक्स के माध्यम से बरेली सहित प्रभावित क्षेत्रों में हुए नुकसान पर दुख व्यक्त किया और पीड़ित परिवारों के लिए प्रार्थना की। इसी क्रम में, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के विदेश मंत्रालय ने भी बयान जारी कर भारत के प्रति एकजुटता दिखाते हुए इस भीषण तूफान से हुई मौतों और नुकसान पर गहरी संवेदनाएं प्रकट कीं।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस बेमौसम बारिश, आंधी और बिजली गिरने से हुई क्षति का संज्ञान लिया। उन्होंने अधिकारियों को युद्ध स्तर पर काम करने और 24 घंटे के भीतर प्रभावित परिवारों तक राहत पहुंचाने के निर्देश दिए। राहत आयुक्त कार्यालय के अनुसार, राज्य में 111 मौतों के साथ-साथ 170 पशुओं की हानि हुई और 227 घरों को नुकसान पहुंचा है।

### गोवा-दिल्ली की सरकारों ने लोकसेवकों की विदेश यात्राओं पर लगाया बैन

विदेश यात्राओं के लिए पहले से दी गई मंजूरियां भी रद्द कर दी गई

पणजी,(ईएमएस)। गोवा सरकार ने विदेशी मुद्रा के संरक्षण की जरुरत को देखते हुए सरकारी खजाने से वित्त पोषित होने वाली लोक सेवकों की सभी आधिकारिक विदेश यात्राओं पर गुरुवार को तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है। राज्य के वित्त विभाग द्वारा जारी ज्ञापन मे कहा गया है कि यह फैसला पीएम मोदी द्वारा हाल ही में की गई अपील के बाद लिया गया। अवर सचिव नरेश गौड़ द्वारा जारी ज्ञापन मे कहा गया है कि आधिकारिक विदेश यात्राओं के लिए पहले से दी गई मंजूरियां भी रद्द कर दी गई है।

### केंद्रीय मंत्रिपरिषद की बैठक 21 मई को, पीएम मोदी करेंगे अध्यक्षता

नई दिल्ली,।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिपरिषद की बैठक 21 मई को होने की संभावना है। बैठक मे सभी केंद्रीय मंत्री, स्वतंत्र प्रभार वाले राज्य मंत्री और अन्य केंद्रीय राज्य मंत्रियों के शामिल होने की उम्मीद है। सूत्रों के अनुसार बैठक में विभिन्न सरकारी योजनाओं, कार्यक्रमों और मंत्रालयों के कामकाज की समीक्षा की जाएगी।

### गोवा कांग्रेस नेता केतन को सांप ने डसा, मौत

पणजी,। गोवा कांग्रेस के नेता केतन भाटीकर की सांप के काटने से मौत हो गई। पुलिस के अनुसार यह घटना गुरुवार रात उस समय हुई, जब 38 वर्षीय भाटीकर कर्नाटक के दांडेली गांव जा रहे थे। जानकारी के मुताबिक, गोवा-कर्नाटक सीमा पर करमल घाट इलाके में किसी काम से उतरने के दौरान उन्हें सांप ने डस लिया। इसके बाद उन्हें तत्काल गोवा के धरबंदोरा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया,

### मणिपुर में तनाव के बीच 28 बंधक रिहा, 6 लोग अब भी लापता

इंफाल,(ईएमएस)। मणिपुर में जारी जातीय तनाव के बीच राहत भरी खबर सामने आई है। कुकी और नगा समूहों ने शुक्रवार को 28 बंधकों को रिहा कर दिया। यह रिहाई युनाइटेड नगा काउंसिल (यूएनसी), विभिन्न सिविल सोसाइटी संगठनों और पुलिस के हस्तक्षेप के बाद सम्भव हो सकी। हालांकि दोनों पक्षों से छह लोग अब भी लापता बताए जा रहे हैं।

### रद्द हुई नीट यूजी 2026 परीक्षा अब दोबारा 21 जून को होगी

नई दिल्ली,। देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी 2026 को लेकर चल रहा सस्पेंस अब खत्म हो गया है। पेपर लीक

## पेट्रोल-डीजल के दाम 3 रूपये से ज्यादा बढ़े, सीएनजी महंगें



### पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच महंगाई का झटका

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में जारी तनाव और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपजे ईंधन संकट के बीच भारतीय उपभोक्ताओं पर महंगाई की चौतरफा मार पड़ी है। पिछले 48 घंटों के भीतर आम आदमी को दूध, सीएनजी और अब पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी के रूप में तीन बड़े झटके लगे हैं। घरेलू बजट पर बढ़ते इस दबाव ने रसोई से लेकर सफर तक, हर चीज को महंगा कर दिया है। तेल कंपनियों ने शुक्रवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 3 रु प्रति लीटर से अधिक का इजाफा किया है। इस बढ़ोतरी के बाद देश भर में ईंधन के दाम नई ऊंचाइयों पर पहुंच गए हैं।

ईंधन के साथ-साथ सीएनजी की कीमतों में भी देश भर में 2 रु प्रति किलो की बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिससे इसका नया रेट 79.09 रु प्रति किलो हो गया है। मुंबई में यह दर 84 रु प्रति किलो तक जा पहुंची है। इससे ऑटो, टैक्सी और निजी वाहन मालिकों पर बोझ बढ़ गया है। इससे पहले बुधवार को अमूल और मदर डेयरी जैसे प्रमुख ब्रांड्स ने दूध की कीमतों में 2 रु प्रति लीटर तक की वृद्धि की थी, जिसका असर चाय, दही और घी जैसे डेयरी उत्पादों पर भी पड़ना तय है।कीमतों में इस अचानक उछाल का मुख्य कारण पश्चिम एशिया में जारी ईरान-इजरायल तनाव और स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज में सप्लाई चेन का बाधित होना है। इस समुद्री मार्ग के प्रभावित होने से कच्चे तेल की वैश्विक आपूर्ति पर दबाव बढ़ा है, जिससे तेल कंपनियां घाटे में चल रही हैं। प्रधानमंत्री ने भी हाल ही में नागरिकों से ईंधन बचाने की अपील की थी और स्वयं के काफिले में गाड़ियां कम कर प्रतीकात्मक संदेश दिया था। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि पश्चिम एशिया का संकट जल्द नहीं टला, तो पेट्रोल-डीजल की कीमतों में और भी इजाफा हो सकता है। डीजल महंगा होने का सीधा असर माल ढुलाई पर पड़ेगा, जिससे आने वाले दिनों में फल, सब्जियां, अनाज और अन्य रोजमर्रा के सामान की कीमतें बढ़ना निश्चित है। वर्तमान स्थिति मध्यम वर्ग और नौकरीपेशा लोगों के लिए बड़ी आर्थिक चुनौती पेश कर रही है। अब लोगों के मन में सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या आने वाले दिनों में रसोई गैस के दाम भी बढ़ेंगे।

## राहुल गांधी का आरोप, मोदी सरकार की गलती की कीमत जनता चुकाएगी

### खरगे ने कहा, ये संकट केंद्र सरकार की ओर से लाया गया



नई दिल्ली लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष (एलओपी) राहुल गांधी ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी पर केंद्र सरकार पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की गलती की कीमत जनता चुकाएगी। राहुल गांधी ने भविष्य में भी तेल कीमतों में इजाफा होने की आशंका जाहिर की है। राहुल गांधी ने पोस्ट किया, गलती सरकार की, कीमत जनता चुकाएगी। 3 रुपए का झटका आ चुका, बाकी वसूली किस्तों में होगी। वहीं, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि देश की जनता को ये समझना होगा कि वर्तमान समय में वैश्विक ईंधन संकट के साथ-साथ भारत में आर्थिक संकट की बड़ी वजह केंद्र सरकार में नेतृत्व संकट, दूरदर्शी सोच का अभाव है और अक्षमता कूट-कूट कर भरी है।

कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने कहा, ये संकट केंद्र सरकार की ओर से लाया गया संकट है, जिसका खामियाजा देश की जनता को पेट्रोल, डीजल और एलपीजी पर अपनी जेब से भरना पड़ रहा है। जब डीजल के दाम बढ़ते हैं, तब पूरे देश में महंगाई का असर पड़ता है। उद्योगों से लेकर घरेलू बजट व किसानों तक सब पर बुरा असर पड़ता है।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि जब पश्चिम एशिया में युद्ध शुरू हुई, तब देश को बताया गया कि सब चंगा सी और कांग्रेस पार्टी के सवालों को नकारा गया। कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। उल्टा अमेरिकी अनुमति और इजाजत के चलते हमारी संप्रभुता को गिरवी कर दिया गया। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान सरकार इसतरह का व्यवहार करती है कि सब सामान्य है और केंद्र सरकार का काम केवल राज्यों में चुनाव लड़ना है। अब जब संकट बढ़ रहा है, तब प्रधानमंत्री मोदी वर्क फॉम होम और ईंधन बचाने का झुनझुना बजा रहे है।

## पीएम मोदी पांच देशों की यात्रा पर रवाना



### यात्रा का उद्देश्य उथल-पुथल के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना

नई दिल्ली, पीएम मोदी शुक्रवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), नीदरलैंड, स्वीडन, नॉर्वे और इटली की छह दिवसीय यात्रा पर रवाना हुए। इस यात्रा का उद्देश्य मौजूदा भू-राजनीतिक उथल-पुथल के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना है। ऊर्जा प्रवाह की सुरक्षा सुनिश्चित करना, पश्चिम एशिया संकट से उत्पन्न व्यापार व्यवधानों को कम करना और अहम प्रौद्योगिकियों में सहयोग बढ़ाना है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया पर बताया कि अगले छह दिनों में पीएम मोदी भारत की वैश्विक साझेदारियों को मजबूत करने के उद्देश्य से कई विविध विषयों पर विश्व के कई नेताओं से बातचीत करेंगे।

प्रधानमंत्री पहले यूएई जाएंगे जहां वह राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ भारत-यूएई व्यापक रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने और पश्चिम एशिया संघर्ष पर विचारों का आदान-प्रदान करने पर केंद्रित व्यापक वार्ता करेंगे। पीएम मोदी यूरोप यात्रा पर रवाना होने से पहले खाड़ी देश में करीब चार घंटे बिताएंगे।

## पुणे का रसायन शास्त्र प्राध्यापक गिरफ्तार, जांच एजेंसी ने बताया मास्टरमाइंड

पुणे ।नीट 2026 प्रश्नपत्र लीक मामला में जांच कर रही केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो को बड़ी सफलता मिली है। एजेंसी ने पुणे से रसायन शास्त्र के प्राध्यापक पीवी कुलकर्णी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में यह अब तक की 8वीं गिरफ्तारी बताई जा रही है। जांच एजेंसी का दावा है कि कुलकर्णी ही पूरे प्रश्नपत्र लीक गिरोह का मुख्य सूत्रधार है। जांच में सामने आया है कि आरोपी मूल रूप से लातूर का रहने वाला है और कई वर्षों तक नीट प्रश्नपत्र तैयार करने वाले विशेषज्ञ पैनल का हिस्सा रह चुका है। इसी वजह से उसे परीक्षा प्रणाली और प्रश्नपत्र तक सीधी पहुंच हासिल थी।

जांच एजेंसी के मुताबिक आरोपी पुणे स्थित अपने घर से कोचिंग चलाता था, जहां वह परीक्षा से पहले चुनिंदा विद्यार्थियों को संभावित प्रश्न और उनके सही उत्तर उपलब्ध कराता था। आरोप है कि 3 मई को हुई परीक्षा से पहले अप्रैल के अंतिम सप्ताह में कई विद्यार्थियों तक लीक सामग्री पहुंचाई गई।

जांच के दौरान यह भी सामने आया है कि 1 मई की रात एक गुप्त संदेश समूह पर कथित तौर पर प्रश्नपत्र साझा किया गया था। इस समूह में 402 सदस्य जुड़े हुए थे। प्रारंभिक जांच में साझा किए गए प्रश्नों और वास्तविक परीक्षा के प्रश्नों में कई समानताएं पाई गई हैं, जिससे मामले ने और गंभीर रूप ले लिया है इस बीच प्रश्नपत्र लीक विवाद से देशभर में विद्यार्थियों और अभिभावकों की चिंता बढ़ गई है। जांच एजेंसी अब यह पता लगाने में जुटी है कि इस नेटवर्क में और कौन-कौन लोग शामिल हैं तथा कितने विद्यार्थियों तक यह लीक सामग्री पहुंचाई गई।

## खरगे और राहुल गांधी की मौजदूगी में सोमवार को सतीशन की ताजपोशी

तिरुवनंतपुरम,। केरल में वीडी सतीशन सोमवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने वाले

### इस समारोह में कांग्रेस अपना शक्ति प्रदर्शन भी करेगी

हैं। इसके साथ ही, कांग्रेस राज्य में एक दशक बाद सत्ता में वापसी करेगी, पिछली बार 2011 में ओमन चांडी मुख्यमंत्री थे। तिरुवनंतपुरम के सेंट्रल स्टेडियम में शपथ ग्रहण की तैयारियां जोरों पर हैं, जहां एक लाख लोगों के जुटने की उम्मीद है। हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों में, कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) ने 140 सदस्यीय विधानसभा में 102 सीटें जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। इसमें कांग्रेस ने अपने दम पर 63 सीटों पर जीत दर्ज की। सतीशन के साथ-साथ पूरे मंत्रिमंडल के भी शपथ लेने की संभावना है। यूडीएफ नेतृत्व कैबिनेट संरचना को अंतिम रूप दे रहा है, जिसमें प्रत्येक सहयोगी दल से मंत्रियों की संख्या पर विचार हो रहा है।

मुख्यमंत्री पद के लिए सतीशन का चयन कांग्रेस हाईकमान द्वारा दिल्ली और केरल में दस दिनों की गहन अनिश्चितता, पर्दे के पीछे



की बातचीत और नाटकीय उतार-चढ़ाव के बाद हुआ। बातचीत का अहम दौर गुरुवार सुबह शुरू हुआ, जब वेणुगोपाल को दिल्ली में राहुल गांधी के आवास पर बुलाया गया। करीब तीन घंटे चली चर्चा के दौरान राहुल गांधी ने वेणुगोपाल को बताया कि नेतृत्व ने शीर्ष पद के लिए सतीशन का समर्थन करने का फैसला किया है। प्रियंका गांधी वाड्रा भी पार्टी के भीतर आम सहमति सुनिश्चित करने के प्रयासों में शामिल हुई।

## वे धुंए की लकीर पकड़ते रह गए इधर भारत ने कर दिया कमाल

### ओडिशा के तट से भारत ने किया गुप्त मिसाइल परीक्षण

भुवनेश्वर,(ईएमएस)। 8 मई की शाम जब दुनिया अपनी सामान्य गति से चल रही थी, भारत के पूर्वी तट पर कुछ ऐसा हुआ जिसने वैश्विक रक्षा गलियारों में हलचल पैदा कर दी। ओडिशा के डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से एक रहस्यमयी मिसाइल ने अंधेरे आसमान को चीरते हुए उड़ान भरी। इसकी रोशनी और रफ्तार इतनी प्रचंड थी कि ओडिशा और पश्चिम बंगाल ही नहीं, बल्कि पड़ोसी देश बांग्लादेश तक के आसमान में धुएं की लकीरें और आग की लपटें देखी गईं। देखते ही देखते इसके वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए और चर्चा छिड़ गई कि क्या भारत ने कोई ऐसा गुप्त हथियार विकसित कर लिया है जिसकी जानकारी अभी दुनिया को नहीं है?



इस परीक्षण को लेकर रहस्य गहराने का सबसे बड़ा कारण भारत सरकार की प्रारंभिक चुप्पी और जारी किया गया नोटाम था। आमतौर पर जब भी मिसाइल परीक्षण होते हैं, तो हवाई सुरक्षा के लिए 1500 से 2000 किलोमीटर तक के दायरे का नोटम जारी किया जाता है। लेकिन इस बार, यह दायरा करीब 3,560 किलोमीटर लंबा था। यह खतरनाक क्षेत्र बंगाल की खाड़ी से शुरू होकर हिंद महासागर के सुदूर दक्षिणी हिस्सों तक फैला हुआ था। इतने विशाल कॉरिडोर ने रक्षा विशेषज्ञों को यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि भारत किसी लंबी दूरी की मिसाइल का परीक्षण कर रहा है। बाजार में अटकलों का दौर शुरू हो गया। क्या यह भारत की बहुप्रतीक्षित अग्नि-6 मिसाइल थी, जिसकी मारक क्षमता 8,000 से 10,000 किलोमीटर मानी जा रही है? या फिर भारत ने कोई नई हाइपरसॉनिक मिसाइल तकनीक का सफल प्रयोग किया है? यह सवाल इसलिए भी अहम था क्योंकि यह नोटम केवल एक दिन के लिए नहीं बल्कि कई दिनों के लिए प्रभावी था, जो किसी बड़े सीक्रेट ऑपरेशन की ओर इशारा कर रहा था। सस्पेंस और अटकलों के बीच, आखिरकार 9 मई को रक्षा मंत्रालय ने इस रहस्य से पर्दा उठाया। मंत्रालय ने आधिकारिक घोषणा करते हुए बताया कि भारत ने मिशन दिव्यास्त्र को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। हालांकि मंत्रालय ने विवरणों को बेहद सीमित रखा, लेकिन इस सफल परीक्षण ने यह साफ कर दिया है कि भारत ने अपनी सामरिक शक्ति और तकनीकी क्षमता में एक लंबी छलांग लगाई है, जिससे वैश्विक रक्षा समीकरणों का बदलना तय माना जा रहा है।

## हैदराबाद एयरपोर्ट पर अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट में बम की धमकी से हड़कंप

### संदिग्ध विदेशी मुद्रा के साथ गिरफ्तार




हैदराबाद जर्मनी के फ्रैंकफर्ट से हैदराबाद आ रही लुफ्थांसा एयरलाइंस की फ्लाइट एलएच 754 वी में बम होने की धमकी से शमशाबाद स्थित राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हड़कंप मच गया। उड़ान के दौरान एयरलाइन के कस्टमर सपोर्ट को एक धमकी भरा ईमेल प्राप्त हुआ, जिसमें दावा किया गया था कि विमान में बम रखा गया है और हैदराबाद पहुंचने से पहले उसमें धमाका कर दिया जाएगा।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

## सेंसेक्स 160, निफ्टी 46 अंक गिरा

मुम्बई। भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दोपहर बाद बिकवाली हावी होने से आई है। आज शुरुआती कारोबार के दौरान मार्केट में तेज़ी देखने को मिली थी पर दिन के अंत में उसके हाथ से बढ़त निकल गयी। मेटल, ऑयल एवं गैस तथा सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के शेयरों में बिकवाली और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के बीच निवेशकों की सतर्कता से भी बाजार टूटा। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 160.73 अंक नीचे आकर 75,237.99 पर बंद हुआ । वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 46.10 अंक फिसलकर 23,643.50 पर बंद हुआ, जिससे इसकी दो दिन की लगातार बढ़त का सिलसिला टूट गया।

आज टाटा स्टील, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, इटरनल, रिलायंस इंडस्ट्रीज, अल्ट्राटेक सीमेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, लार्सन एंड टुब्रो, ट्रेंट, एक्सिस बैंक और एशियन पेंट्स सेंसेक्स शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट रही। वहीं इंफोसिस, टेक महिंद्रा, पावरग्रिड, अदानी पोर्ट्स, मारुति सुजुकी इंडिया, भारती एयरटेल, कोटक महिंद्रा बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर और सन फार्मास्यूटिकल्स के शेयरों में तेजी रही। मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स में



बेंचमार्क इंडेक्स की तुलना में ज़्यादा गिरावट दर्ज की गई। निफ्टी मिडकैप 100 में 0.45 फिसदी की गिरावट और निफ्टी स्मॉलकैप 100 में 0.61 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई।

निफ्टी की निफ्टी 50 की कंपनियों में टाटा मोटर्स पीवी , डॉ रेड्डीज में , इंफोसिस और टेक महिंद्रा में बढ़त रही जबकि हिंडाल्को क्वालिटी वॉल्स , नेस्ले इंडिया म, टाटा स्टील के शेयरों में गिरावट रही।

वहीं इससे पहले आज सुबह बाजार बढ़त के साथ खुला। सुबह सेंसेक्स 98 अंक बढ़कर 75,497 पर और निफ्टी 41 अंक ऊपर 23,731 के स्तर पर खुला। आज एशियाई बाजारों में मिला-जुला कारोबार हुआ। वहीं अमेरिकी शेयर बाजार में तेजी रही। जापान के निक्केई में 0.89 फीसदी और टॉपिक्स में 1.18 फीसदी की बढ़त रही। दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.6 फीसदी से उछलकर रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया, जबकि कोस्डैक 0.4 फीसदी गिरा। हांगकांग के हैंग सेंग इंडेक्स फ्यूचर्स नीचे आये। दूसरी ओर यूरोप के बाजार भी गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाज़ार गुरुवार को बढ़त के साथ बंद हुए।

### रुपया गिरावट पर बंद

नई दिल्ली। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया शुक्रवार को 22 पैसे की गिरवट के साथ ही 95.86 पर बंद हुआ। रुपया आज सुबह 30 पैसे की गिरावट के साथ ही अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.94 पर पहुंच गया। रुपये में ये गिरावट कच्चे तेल की ऊंची कीमतों, मजबूत डॉलर और पश्चिम एशिया संकट को लेकर निवेशकों की कमजोर धारणा के कारण आई है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों का कहना है

# मुंबई में सीएनजी के साथ पेट्रोल-डीजल के भी बढ़े दाम, परिवहन पर पड़ेगा असर




नई दिल्ली। देश में एक बार फिर ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी देखने को मिली है। मुंबई में सीएनजी के दाम 2 रुपए प्रति किलो बढ़ा दिए गए हैं। अब मुंबई में सीएनजी की नई कीमत 84 रुपए प्रति किलो हो गई है। यह बढ़ोतरी महानगर गैस लिमिटेड की ओर से की गई है, जिससे सीधा असर वाहन चालकों और सीएनजी पर चलने वाले परिवहन पर पड़ेगा।

सीएनजी के साथ ही पेट्रोल और डीजल की कीमतों में भी इजाफा हुआ है।

ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने दोनों ईंधनों के दाम 3 रुपए प्रति लीटर बढ़ा दिए हैं। दिल्ली में अब डीजल की कीमत 90.67 रुपए प्रति लीटर और पेट्रोल की कीमत 97.77 रुपए प्रति लीटर हो गई है। इस बढ़ोतरी का असर रोजमर्रा की जरूरतों और ट्रांसपोर्ट खर्च पर पड़ना तय है। रिपोर्ट के मुताबिक ईंधन की कीमतों में यह बदलाव अंतरराष्ट्रीय बाजार से भी जुड़ा हुआ है। हाल के हफ्तों में कच्चे तेल की कीमतें बढ़कर 120 डॉलर प्रति बैरल से भी ऊपर पहुंच गई थीं।

हालांकि बाद में इनमें थोड़ी गिरावट आई और यह 100 से 105 डॉलर प्रति बैरल के आसपास स्थिर हुईं।

विशेषज्ञों के मुताबिक वैश्विक स्तर पर सप्लाई चेन में बाधा और तनावपूर्ण हालात के कारण तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक होर्मुज क्षेत्र में तनाव और आंशिक रूप से सप्लाई बाधित होने की वजह से वैश्विक तेल बाजार प्रभावित हुआ है। इसी कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आया है, जिसका असर भारत जैसे आयात पर निर्भर देशों पर भी पड़ा है।

भारत दुनिया के उन बड़े देशों में शामिल है जो खुद की जरूरत का ज्यादातर कच्चा तेल आयात करते हैं।

ऐसे में अंतरराष्ट्रीय बाजार में दाम बढ़ने का सीधा असर घरेलू ईंधन कीमतों पर पड़ता है। हालिया बढ़ोतरी से परिवहन, सामानों की ढुलाई और महंगाई पर दबाव बढ़ने की आशंका जताई जा रही है।

## डीजल संकट से खतरे में सीवी उद्योग की रिकवरी

मुंबई। भारत का वाणिज्यिक वाहन (सीवी) उद्योग, जो अंततः वित्त वर्ष 2019 के थोक बिक्री के अपने शीर्ष स्तर को पार कर चुका है, अब एक नए खतरे का सामना कर रहा है। बेहतर वाहन किफायत, जीएसटी के कारण लागत में कमी और इंफ्रास्ट्रक्चर पर लगातार हो रहे खर्च ने रिकवरी को संभव बनाया। लेकिन, टाटा मोटर्स के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्याधिकारी गिरीश वाघ के अनुसार, डीजल की कीमतें इस पूरे चक्र के लिए सबसे बड़ा खतरा बनी हैं। ट्रक ऑपरेटरों के लिए, सेगमेंट और ड्यूटी साइकल के आधार पर, डीजल कुल स्वामित्व लागत (टीसीओ) का 25 से 50 प्रतिशत तक होता है।

## नई लग्जरी एसयूवी रेंज रोवर स्पोर्ट एसवी लॉन्च

नई दिल्ली। भारतीय बाजार में लैंड रोवर ने अपनी नई लग्जरी एसयूवी रेंज रोवर स्पोर्ट एसवी लॉन्च कर दी है। यह मॉडल रेंज रोवर स्पोर्ट के लिमिटेड एसवी एडिशन टू वेरिएंट से नीचे रखा गया है। इसकी कीमत करीब 30 लाख रुपये कम है। कंपनी ने इसकी शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 2.05 करोड़ रुपये तय की है। कंपनी ने इसकी बुकिंग शुरू कर दी है, जबकि डिलीवरी अगस्त 2026 से शुरू होने की संभावना है। दमदार इंजन, शानदार डिजाइन और हाई-टेक फीचर्स के चलते यह एसयूवी लॉन्च होते ही चर्चा में आ गई है। कंपनी के अनुसार नई रेंज रोवर स्पोर्ट एसवी खासतौर पर भारतीय ग्राहकों को ध्यान में रखकर तैयार की गई है।

## सोने और चांदी की कीमतों में नरमी

नई दिल्ली। घरेलू बाजार में शुक्रवार को सोने और चांदी की कीमतों में नरमी आई है। ये गिरावट मुनाफावसूली के कारण आई है। इससे दोनो ही कीमती धातुओं के वायदा भाव में भी गिरावट रही। सुबह घरेलू बाजार में सोने के वायदा भाव 1,60,550 रुपये, जबकि चांदी के भाव 2,81,000 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने और चांदी के वायदा भाव में गिरावट रही। वहीं मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क जून अनुबंध 1,188 रुपये की गिरावट के साथ ही 1,60,790 रुपये के भाव पर खुला।

## रेनो जल्द लांच करेगी नई एसयूवी रेनो ब्रिजर

नई दिल्ली। भारतीय बाजार में रेनो कंपनी अपनी नई कॉम्पैक्ट एसयूवी रेनो ब्रिजर को लॉन्च करने की तैयारी में है, जिसे अनौपचारिक रूप से मिनी डस्टर के नाम से भी जाना जा रहा है। रिपोर्ट्स के अनुसार, यह नई एसयूवी अपने सेगमेंट में माइलेज के मामले में एक नया बेंचमार्क स्थापित कर सकती है, क्योंकि इसमें नया 1.2 लीटर हाइब्रिड इंजन दिए जाने की संभावना है।

# अगले कुछ वर्षों में 16 नई एसयूवी लॉन्च करेगी महिंद्रा




नई दिल्ली। देश के एसयूवी बाजार में महिंद्रा एंड महिंद्रा अपनी मजबूत स्थिति को और सुदृढ़ करने के लिए एक महत्वाकांक्षी योजना पर बढ़ रही है। महिंद्रा ने घोषणा की है कि वह अगले कुछ वर्षों में कुल 16 नई एसयूवी लॉन्च करेगी, जिनमें से पांच मॉडल अगले साल तक ग्राहकों के लिए उपलब्ध हो सकते हैं। इस विस्तार योजना में मौजूदा मॉडलों के फेसलिफ्ट संस्करणों के साथ-साथ कई नए इलेक्ट्रिक वाहन भी शामिल हैं, जो महिंद्रा की भविष्य की रणनीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।

आगामी मॉडलों में, नई महिंद्रा स्कॉर्पियो-एन में एक अपडेटेड ग्रिल, नई हेडलाइट्स और 18 इंच के अलॉय व्हील्स जैसे बाहरी बदलाव देखने को मिलेंगे। इंटीरियर में, 10.25 इंच की बड़ी स्क्रीन और एक डिजिटल क्लस्टर इसे और अधिक प्रीमियम लुक देंगे। इसी तरह, लोकप्रिय ऑफ-रोडर महिंद्रा थार के नए संस्करण में वेंटिलेटेड सीट्स और वायरलेस चार्जिंग जैसे आधुनिक फीचर्स जोड़े जाएंगे, जो इसे दैनिक उपयोग के लिए और अधिक सुविधाजनक बनाएंगे।

कंपनी एक नई कॉम्पैक्ट एसयूवी महिंद्रा विजन.एस पर भी काम कर रही है, जो एक्सयूवी 3एक्सओ और थार के बीच की जगह को भरेगी और इसमें पेट्रोल व डीजल दोनों इंजन विकल्प मिलने की संभावना है। इलेक्ट्रिक वाहन सेगमेंट में, महिंद्रा बीई.07 को 650 किलोमीटर तक की प्रभावशाली रेंज के साथ लॉन्च करने की तैयारी है, जो इलेक्ट्रिक एसयूवी बाजार में एक मजबूत दावेदार बनेगी।

इसके अतिरिक्त, महिंद्रा विजन.टी को थार ई के एक विकसित संस्करण के रूप में पेश किया जाएगा, जिसमें टू-व्हील ड्राइव और ऑल-व्हील ड्राइव दोनों विकल्प उपलब्ध हो सकते हैं।

# अडानी एयरपोर्ट्स और आईएचजी के बीच बड़ा समझौता, भारत में आएगा किम्पटन ब्रांड





मुंबई। अडानी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड (एएएचएल) ने वैश्विक आतिथ्य कंपनी आईएचजी होटल्स एंड रिजार्ट्स के साथ भारत में पांच नए होटल तैयार करने के लिए एक समझौते की घोषणा की। यह साझेदारी मुंबई, नवी मुंबई और अहमदाबाद सहित प्रमुख हवाई अड्डों के करीब और तेजी से विकसित हो रहे शहरी क्षेत्रों में करीब 1,500 कमरे जोड़ेगी। यह समझौता भारत में आईएचजी की विस्तार रणनीति के अनुरूप है, इसके तहत विभिन्न ब्रांडों के तहत नए होटल विकसित किए जाएंगे। इस करार का एक महत्वपूर्ण पहलू यह है कि आईएचजी का लक्जरी ब्रांड किम्पटन होटल्स एंड रेस्तरां पहली बार भारतीय बाजार में आएगा। इन होटलों का विकास जयपुर, मंगलूरु, तिरुवनंतपुरम और मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) में भी किया जाएगा।

अडानी समूह की कंपनी एएएचएल वर्तमान में मुंबई, नवी मुंबई, अहमदाबाद, जयपुर, लखनऊ, गुवाहाटी, मंगलूरु और तिरुवनंतपुरम सहित आठ हवाई अड्डों का संचालन करती है। अडानी एंटरप्राइजेज के निदेशक प्रणव अडानी ने इस समझौते को हवाई अड्डों के आसपास विश्वस्तरीय एकीकृत गंतव्य विकसित करने के लक्ष्य के अनुरूप बताया।

उन्होंने कहा कि यह साझेदारी यात्रा, ठहरने और शहरी सुविधाओं के बेहतर समन्वय के साथ उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएं और अंतरराष्ट्रीय मानक सुनिश्चित करेगी। आईएचजी के प्रबंध निदेशक (दक्षिण पश्चिम एशिया) सुदीप जैन ने भारत के आतिथ्य क्षेत्र, विशेष रूप से हवाई अड्डा-आधारित शहरों में बड़ी संभावनाओं पर जोर दिया, जहां व्यवसाय, पर्यटन और ट्रांजिट यात्रियों की मांग तेजी से बढ़ रही है। आईएचजी वर्तमान में भारत में छह ब्रांडों के तहत 52 होटल संचालित करती है और अगले तीन से पांच वर्षों में 98 नए होटल खोलने की योजना बना रही है। दोनों कंपनियां इस साझेदारी को और विस्तार देने के लिए भी उन्नत स्तर की बातचीत कर रही हैं।

# डिजिटल धोखाधड़ी रोकने भुगतान में देरी के प्रस्ताव पर बैंकों की जताई सहमति

## -चर्चा पत्र में प्रस्तावित सीमाएं केवल पियर टु पियर हस्तांतरण के लिए




नई दिल्ली। धोखाधड़ी पर अंकुश लगाने के लिए 10,000 रुपए से ज्यादा के खाता से खाता हस्तांतरण पर एक घंटे की देरी का प्रस्ताव करने वाले आरबीआई के चर्चा पत्र की कई हलकों में आलोचना हुई, लेकिन बैंक कुछ हद तक विलंब के विचार का व्यापक समर्थन करते दिखाई दे रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि उन्होंने केंद्रीय बैंक से 10,000 रुपए की सीमा को बढ़ाकर 25,000 रुपए करने का आग्रह किया है। सूत्रों ने कहा कि भुगतान उद्योग संगठन सेल्फ-रेग्युलेटेड पीएसओ एसोसिएशन ने भी नियामक को अपनी प्रतिक्रिया भेजी है। उद्योग ने चर्चा पत्र में सुझाए गए सुझावों के संभावित कार्यान्वयन से उत्पन्न परिचालन संबंधी मुद्दों को भी रेखांकित किया है। उद्योग के एक सूत्र ने कहा कि चर्चा पत्र में प्रस्तावित सीमाएं केवल पियर टु पियर हस्तांतरण के लिए हैं। यदि पी2एम प्रवाह के लिए इसी तरह के घोटाले शुरू हो जाएं तो क्या होगा? यह समस्या भरा हो सकता है। उद्योग ने उन परिचालन संबंधी मुद्दों को रेखांकित किया है जो सामने आ सकते हैं, जैसे विलंबित भुगतान, खातों की व्हाइटलिस्टिंग आदि। अप्रैल में जारी एक चर्चा पत्र में रिजर्व बैंक ने डिजिटल भुगतान में बढ़ती धोखाधड़ी पर अंकुश लगाने के लिए कई उपायों का सुझाव दिया था। इसमें लाभार्थी के खाते में धन जमा होने से पहले 10,000 रुपए से ज्यादा के डिजिटल भुगतानों में एक घंटे की देरी करना शामिल है। अन्य उपायों में कमजोर उपयोगकर्ताओं के लिए विश्वसनीय व्यक्तियों द्वारा अतिरिक्त प्रमाणीकरण, जिन खातों में बड़ी राशि जमा होती है, उनकी कड़ी जांच और ग्राहक द्वारा किए जाने वाले सुरक्षा उपायों का विस्तार शामिल है।

# टोयोटा ने रखा हर साल एक लाख गाड़ियां बनाने का लक्ष्य




नई दिल्ली। भारत में टोयोटा मोटर कॉर्पोरेशन अपनी नई फैक्ट्री स्थापित करने जा रही है। जापानीज कंपनी टोयोटा यह प्लांट महाराष्ट्र के बिडकिन औद्योगिक क्षेत्र में लगाया जाएगा। इस प्लांट की वार्षिक उत्पादन क्षमता एक लाख गाड़ियों की होगी। कंपनी ने उम्मीद जताई है कि इस नए संयंत्र में वर्ष 2029 की पहली छमाही से उत्पादन शुरू हो जाएगा। टोयोटा के अनुसार, इस फैक्ट्री में स्टैम्पिंग, वेल्डिंग, पेंटिंग और असेंबली जैसे सभी प्रमुख विनिर्माण कार्य किए जाएंगे।

विशेष रूप से, यहां एक नए एसयूवी मॉडल का निर्माण भी होगा। कंपनी का मानना है कि यह नया प्लांट भारत और आसपास के बाजारों में वाहनों की बढ़ती मांग को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस बीच, टोयोटा भारतीय बाजार में अपनी नई पीढ़ी की फॉर्च्यूनर और हाइलक्स को उतारने की तैयारी में भी जुटी है।

नई फॉर्च्यूनर में ज्यादा शार्प डिजाइन, नई एलईडी हेडलाइट्स और एक चौड़ी ग्रिल देखने को मिलेगी।

इसके इंटीरियर में दो 12.3 इंच की स्क्रीन, कनेक्टेड कार तकनीक, 360 डिग्री कैमरा और एडीएएस फीचर्स जैसे आधुनिक फीचर्स दिए जा सकते हैं। टोयोटा का दृढ़ विश्वास है कि भारत आने वाले वर्षों में उसके लिए एक महत्वपूर्ण मैन्युफैक्चरिंग और निर्यात केंद्र के रूप में उभरेगा। टोयोटा कंपनी की इस महत्वाकांक्षी परियोजना से लगभग 2800 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलने की उम्मीद है, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा।

# कोटयार्क इंडस्ट्रीज का बड़ा ऐलानः 1 शेयर पर 10 बोनस शेयर



मुंबई। माइक्रो-कैप कंपनी कोटयार्क इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने अपने शेयरधारकों के लिए बड़ा ऐलान कर दिया है। कंपनी के बोर्ड ने 10ः1 के अनुपात में बोनस शेयर बांटने की मंजूरी दी है, जिसका अर्थ है कि निवेशकों को उनके प्रत्येक 1 शेयर पर 10 बोनस शेयर दिए जाएंगे। यह पहली बार है जब कंपनी अपने शेयरधारकों को बोनस शेयर जारी कर रही है। हालांकि, बोनस शेयर की रिकॉर्ड डेट की घोषणा अभी नहीं की गई है। इस घोषणा के बाद, कोटयार्क इंडस्ट्रीज के शेयर शुक्रवार को बीएसई पर उछाल के साथ 446.30 रुपये पर कारोबार कर रहे थे। पिछले पांच साल से भी कम समय में यह मल्टीबैगर स्टॉक 400 प्रतिशत से अधिक चढ़ गया है। 18 नवंबर 2021 को जहां यह शेयर 88.30 रुपये पर था, वहीं 15 मई 2026 तक यह 446.30 रुपये के स्तर पर पहुंच गया। कंपनी के शेयरों ने हाल के महीनों में भी शानदार प्रदर्शन किया है। बीते छह महीनों में इसमें 80 प्रतिशत से अधिक का उछाल दर्ज हुआ है। वहीं, इस साल अब तक कोटयार्क इंडस्ट्रीज के शेयरों में 85 प्रतिशत से ज्यादा की तेजी देखने को मिली है। बीते चार महीनों में यह स्टॉक 110 प्रतिशत से अधिक चढ़ा है। इसका 52 हफ्ते का शीर्ष स्तर 448.35 रुपये और निचला स्तर 318.30 रुपये है। वित्तीय मोर्चे पर भी कोटयार्क इंडस्ट्रीज ने मजबूत प्रदर्शन किया है। 31 मार्च 2026 को समाप्त चौथी तिमाही में कंपनी का मुनाफा बढ़कर 9.38 करोड़ हो गया, जबकि एक साल पहले समान अवधि में यह 1.51 करोड़ रुपये था। इसी तिमाही में कंपनी का राजस्व भी सालाना आधार पर 221 प्रतिशत बढ़कर 63.66 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। कोटयार्क इंडस्ट्रीज बायोडीजल मैन्युफैक्चरिंग और रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में सक्रिय है, जो वेस्ट कुकिंग ऑयल, वेजिटेबल ऑयल्स और एनिमल फैट्स से बायोडीजल का उत्पादन करती है।

# निवेशकों की होगी चांदी, एलएंडटी, हैवेल्स, जीएम ब्रुअरीज कंपनी देंगी डिविडेंड

नई दिल्ली। शेयर बाजार में डिविडेंड से कमाई करने वाले निवेशकों के लिए अगला हफ्ता अहम रहने वाला है। लार्सन एंड टुब्रो, एलएंडटी फाइनेंस, एलएंडटी टेक्नोलॉजी सर्विसेज, सुला वाइनयार्ड्स, हैवेल्स इंडिया, जीएम ब्रुअरीज, ग्रेट ईस्टर्न शिपिंग कंपनी समेत कई कंपनियों ने डिविडेंड देने का ऐलान किया है। बीएसई के आंकड़ों के मुताबिक इन कंपनियों के शेयर 19 मई 2026 से 22 मई 2026 के बीच एक्स-डिविडेंड ट्रेड करेंगे। डिविडेंड का फायदा पाने के लिए निवेशकों को एक्स-डिविडेंड तारीख से पहले शेयर खरीदने होंगे। एलएंडटी टेक्नोलॉजी सर्विसेज ने 40 रुपए प्रति शेयर के अंतिम डिविडेंड का ऐलान किया है। कंपनी ने 22 मई 2026 को रिकॉर्ड डेट तय किया है। इसके बाद लार्सन एंड टुब्रो ने 38 रुपए प्रति शेयर के अंतिम डिविडेंड की घोषणा की है। वहीं ग्रेट ईस्टर्न शिपिंग कंपनी 11.70 रुपए प्रति शेयर का अंतरिम डिविडेंड देगी। जीएम ब्रुअरीज ने 9 रुपए प्रति शेयर, जबकि विनाइल केमिकल्स इंडिया ने 7 रुपए प्रति शेयर के अंतिम डिविडेंड का ऐलान किया है। हैवेल्स इंडिया ने भी 6 रुपए प्रति शेयर का अंतिम डिविडेंड घोषित किया है। कंपनी ने शेयरधारकों की पात्रता तय करने के लिए 24 मई 2026 को रिकॉर्ड डेट रखा है। इसके अलावा जिंदल सॉ और सुला वाइनयार्ड्स 2-2 रुपए प्रति शेयर का अंतिम डिविडेंड देंगी। वहीं एलएंडटी फाइनेंस ने 2.75 रुपए प्रति शेयर के अंतिम डिविडेंड का ऐलान किया है। अलिकॉन कास्टअलॉय, वर्कमेट्स और मेट्रोपोलिस हेल्थकेयर ने भी अंतरिम डिविडेंड का ऐलान किया है। मैन इन्फ्राकंस्ट्रक्शन 0.72 रुपए प्रति शेयर का अंतरिम डिविडेंड देगा, जबकि अतिशय ने 1 रुपए प्रति शेयर के अंतिम डिविडेंड की घोषणा की है।

# अगली पीढ़ी को एयरटेल की कमान सौंपने की तैयारी में सुनील मित्तल



नई दिल्ली। दूरसंचार क्षेत्र के दिग्गज सुनील भारती मित्तल ने अगले दशक में भारती एयरटेल की बागडोर नई पीढ़ी को सौंपने की अपनी महत्वाकांक्षी योजना का खुलासा कर दिया है। इस परिवर्तन से पहले, उनकी प्राथमिक इच्छा प्रवर्तक कंपनी भारती टेलीकॉम में एयरटेल की 50 प्रतिशत से अधिक नियंत्रक हिस्सेदारी फिर से हासिल करना है। यह कदम कंपनी के भविष्य के लिए एक मजबूत और एकीकृत नियंत्रण संरचना सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण रणनीति का हिस्सा है। वर्तमान में, मित्तल और सिंगटेल समूह के स्वामित्व वाली भारती टेलीकॉम के पास एयरटेल में 40.47 प्रतिशत हिस्सेदारी है, जबकि प्रवर्तक कंपनियों का कुल स्वामित्व 48.87 प्रतिशत है। भारती मित्तल ने भारती एयरटेल की जनवरी-मार्च तिमाही के नतीजों की घोषणा के दौरान कहा कि उनका लक्ष्य है कि अगली पीढ़ी को कमान सौंपते समय तक भारती टेलीकॉम को 51 प्रतिशत या उससे थोड़ी अधिक नियंत्रक शेयरधारिता हासिल हो जाए।

मित्तल ने बताया कि एयरटेल में भारती टेलीकॉम की हिस्सेदारी करीब 10 प्रतिशत बढ़ाने के लिए मौजूदा शेयर मूल्य और बाजार पूंजीकरण के आधार पर करीब एक लाख करोड़ रुपये की बड़ी पूंजी की आवश्यकता होगी। उनका मूल विचार यह है कि कंपनी का नियंत्रण एवं प्रवर्तक शेयरधारिता एक ही इकाई, यानि ऐतिहासिक रूप से संस्थापक प्रवर्तक रही भारती टेलीकॉम, के माध्यम से होनी चाहिए।

इस लक्ष्य को अगले तीन से चार वर्षों में एयरटेल के प्रदर्शन, शीर्ष प्रबंधन के संचालन और मजबूत नकदी प्रवाह सृजन पर निर्भर करते हुए प्राप्त करने की योजना है। सिंगटेल के पास एयरटेल में लगभग सात प्रतिशत प्रत्यक्ष हिस्सेदारी है, और उसकी हिस्सेदारी घटाने की प्रक्रिया जारी है।

# सीधी, सिंगरौली प्रभा

शनिवार, 16 मई 2026





### प्रभारी मंत्री राधा सिंह ने किये मां शारदा देवी के दर्षन

मैहर मध्यप्रदेश शासन की पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री तथा मैहर जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती राधा सिंह ने शुक्रवार को जिले के प्रवास के दौरान मां शारदा देवी के दर्शन और पूजा-अर्चना की। उन्होंने इस दौरान अधिकारियों के साथ मां शारदा लोक के प्रस्तावित कार्य स्थलों का भी अवलोकन किया। प्रभारी मंत्री ने आल्हा ताल और दूल्हा देव मंदिर, बावड़ी सहित परिक्रमा पथ का भ्रमण कर अवलोकन किया। इस दौरान विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी, एसडीएम दिव्या पटेल, सीएसपी महेन्द्र सिंह, विनीत पाण्डेय सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### कोठी-रैगांव महाविद्यालयों के लिए मिलेगा अपना भवन

सतना सतना जिले के कोठी और रैगांव में संचालित शासकीय महाविद्यालयों के भवन निर्माण के लिए नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने उच्च शिक्षा मंत्री श्री इंदर सिंह परमार से भेंटकर मांग पत्र सौपा है। राज्यमंत्री श्रीमती बागरी द्वारा उच्च शिक्षा मंत्री को बताया कि रैगांव विधानसभा क्षेत्र के कोठी और रैगांव में महाविद्यालय तो शुरू हो चुके हैं, लेकिन आज तक उनके स्थायी भवन नहीं बन पाए हैं। वर्तमान में दोनों कॉलेज किराये के भवनों में संचालित हो रहे हैं, जिससे छात्रों को पर्याप्त सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं।

### सतना में कृषि रथ का होगा संचालन 16 मई से 10 दिवसीय अभियान शुरू

सतना मध्यप्रदेश शासन किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग मंत्रालय भोपाल के निर्देशानुसार प्रदेश में कृषि वर्ष के रूप में मनाए जाने के उपलक्ष्य में कृषि रथ संचालन के निर्देश दिये गये है। कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस द्वारा जारी आदेश के अनुसार कृषि रथ के सफल संचालन के लिए जिला स्तरीय एवं विकासखण्ड स्तरीय क्रियान्वयन समितियों का गठन किया गया है। जिला स्तर पर कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित समिति कृषि रथ के संचालन, निर्णय लेने और साप्ताहिक समीक्षा का कार्य करेगी, जबकि विकासखण्ड स्तर पर संबंधित अधिकारियों की समिति ग्राम पंचायतवार रूट चार्ट तैयार कर भ्रमण कार्यक्रम को क्रियान्वित करेगी।

### फोटोयुक्त मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर 18 मई को जिला स्तरीय स्टैंडिंग कमेटी की बैठक

सीधी पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण वर्ष 2026 के संबंध में जिला स्तरीय स्टैंडिंग कमेटी की बैठक का आयोजन 18 मई 2026 को दोपहर 2 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन श्री विकास मिश्रा करेंगे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में पंचायत निर्वाचन से संबंधित फोटोयुक्त मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा, आवश्यक दिशा-निर्देशों एवं प्रक्रियात्मक बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी।

### कोतवाली थाना सीधी में स्थापित होगा 'संकेत संवाद मध्यस्थता केंद्र'

सीधी न्याय तक समावेशी पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत कोतवाली थाना सीधी को 'संकेत संवाद मध्यस्थता केंद्र' के रूप में विकसित किया गया है। केंद्र का उद्घाटन 16 मई को प्रातः 10.30 बजे वर्चुअल माध्यम से किया जाएगा। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जानकारी देते हुए बताया कि मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रयासों से राज्य के विभिन्न जिलों में कार्यरत श्रवण एवं वाक् बाधित पेशेवरों तथा सांकेतिक भाषा दुभाषियों को 40 घंटे का विशेष मध्यस्थता प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।

## अभियान चलाकर फैसला हो चुके प्रकरणों के अभिलेख दुरुस्त कराएं - कलेक्टर

### राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए महत्वपूर्ण निर्देश

### राजस्व न्यायालयों में समयबद्ध न्याय सुनिश्चित करने कलेक्टर के निर्देश

### राजस्व विभाग के मूल कार्यों को दे प्राथमिकता - कलेक्टर



सीधी जिले में राजस्व प्रशासन को अधिक सक्रिय, जवाबदेह और परिणामोन्मुख बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर विकास मिश्रा ने राजस्व अधिकारियों की विस्तृत समीक्षा बैठक लेकर विभागीय कार्यों की गहन समीक्षा की। बैठक में उन्होंने स्पष्ट कहा कि राजस्व विभाग के मूल दायित्वों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए और नागरिकों से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी स्वीकार नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण पर विशेष जोर देते हुए निर्देश दिए कि सभी राजस्व न्यायालयों में प्रतिदिन नियमित सुनवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि न्यायिक प्रक्रिया में पारदर्शिता और समयबद्धता बनाए रखना अधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। साथ ही 31 दिसंबर 2025 की स्थिति में जिन प्रकरणों का निर्णय हो चुका है, उनके अभिलेखों को तत्काल दुरुस्त कर रिकॉर्ड अद्यतन करने के निर्देश दिए, ताकि राजस्व अभिलेखों में शुद्धता और विश्वसनीयता बनी रहे। बैठक में राजस्व वसूली कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने बकाया प्रकरणों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व संग्रहण शासन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है, इसलिए वसूली कार्य में ठोस परिणाम दिखने चाहिए। अतिक्रमण के विरुद्ध सख्त कार्रवाई को लेकर कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि शासकीय एवं सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जों को हटाने के लिए प्रभावी और सतत अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक संपत्तियों की सुरक्षा प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं होगी। बैठक में अनुपयोगी एवं अप्रासंगिक रिकॉर्डों के विनष्टीकरण के लिए समिति गठित कर नियमानुसार प्रक्रिया अपनाने के निर्देश दिए गए, ताकि अभिलेख प्रबंधन अधिक व्यवस्थित और प्रभावी बन सके। जिले के औद्योगिक विकास को गति देने के उद्देश्य से कलेक्टर ने औद्योगिक क्षेत्रों के लिए उपयुक्त भूमि के चिन्हांकन एवं सीमांकन की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निवेश और रोजगार सृजन के लिए भूमि संबंधी तैयारियां समय रहते पूरी की जानी चाहिए।

## टाउन हॉल सतना में शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना 2026 का शुभारंभ



सतना नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी शुक्रवार को टाउन हॉल सतना में आयोजित -शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना 2026- के शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या की देवी मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम में महापौर योगेश कुमार ताम्रकार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती सुष्मिता सिंह, डिप्टी कलेक्टर संदीप परस्ते, जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी रितिका दुबे, खेल अधिकारी एसपी तिवारी, सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग के. के. शुक्ला सहित अन्य अधिकारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री श्रीमती बागरी ने कहा कि यह योजना युवाओं को अनुशासन, आत्मविश्वास और राष्ट्र सेवा की भावना से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगी। उन्होंने प्रतिभागियों से प्रशिक्षण का अधिकतम लाभ लेने और अपने भविष्य को सशक्त बनाने का आह्वान किया। राज्यमंत्री ने कहा कि यह 45 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण योजना प्रदेश के अन्य पिछड़ा वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर युवक-युवतियों को सैन्य बल, पुलिस, होमगार्ड एवं अन्य सुरक्षा सेवाओं में भर्ती के लिए तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस योजना के माध्यम से युवाओं को बेहतर अवसर प्रदान किए जाएंगे और उनमें अनुशासन एवं आत्मविश्वास का विकास होगा। कार्यक्रम के अंत में राज्यमंत्री ने कहा कि युवा शक्ति ही राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत है, और ऐसे प्रशिक्षण अभियान युवाओं के सपनों को नई दिशा देने का कार्य करते हैं।


महापौर योगेश ताम्रकार ने कहा कि दुनिया में कई ऐसे देश है। जहां के सभी नागरिकों को युवा अवस्था में ही सैन्य प्रशिक्षण दिया जाता है। देश में कई बेटियां सुरक्षा और सशस्त्र बलों में शामिल होकर अपने शौर्य का परचम लहरा रही है। रीवा और सतना की बेटी अवनी चतुर्वेदी फाइटर प्लेन चला रही है।

## राम कथा से जीवन का उद्धार ही सार्थक साधन.. योगाचार्य



सिंगरौली जिले के चितरंगी जनपद पंचायत अन्तर्गत ग्राम पंचायत कर्थुआ में सरपंच आशीष कुमार गुप्ता एवं स्वामी पद्मनाभानंद महराज योगाचार्य के सहयोग से 14 मई से 21 मई तक सायं 4"30 बजे से कथा वाचक पर पवन देव महाराज वृन्दावन के मुखारविंद से राम नाम की गंगा का प्रवाह जन जन तक पहुंचाने के साथ श्री अयोध्या धाम के रूप में कर्थुआ के गलियारों को सजाया गया है इस आयोजन में मुख्य रूप से सहयोगी उमेश द्विवेदीजानकी पाठक जगन्नाथ मिश्रा मिथीलेश द्विवेदी रमाशंकर मिश्रा सीतल गुप्ता हरीश पाठक मोतीलाल गुर्जर कुलदीप यादव कमलभान सिंह पन्नालाल गुप्ता बिनोद चौबे रमेश गोस्वामी बी डी शर्मा अर्चना सिंह कमलेन्द सिंह अन्जनी गुर्जर रमाशंकर पाठक का सहयोग सराहनीय रहा।

## श्रीमद् भागवत कथा में सुनाई कपिल भगवान के जन्म की कथा



मैहर। संगीतमई श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन संगीता सुशील बाजपेयी के आयोजकत्व में किया जा रहा है। शुक्रवार की कथा में व्यासपीठ आचार्य रामेश्वर नारायण जी महाराज ने बताया कि कपिल मुनि का जन्म ब्रह्मा के मानस पुत्र कर्दम ऋषि के घर हुआ। जब कर्दम ऋषि ने संन्यास लिया तब कपिल मुनि ने अपनी माता देवहुति को योग और ज्ञान का उपदेश देकर उन्हें मोक्ष का मार्ग दिखाया। राजा सगर के 60,000 पुत्रों ने अश्वमेध यज्ञ के घोड़े को चोरी के आरोप में कपिल मुनि के आश्रम में परेशान किया जिससे क्रोधित होकर उन्होंने अपनी आँखों से उन्हें भस्म कर दिया। कपिल मुनि ने बताया था कि इन 60,000 पुत्रों की आत्मा की मुक्ति केवल गंगा जल से ही संभव है, जिसके बाद भागीरथ ने गंगा को पृथ्वी पर लाया। मान्यता है कि कपिल मुनि ने उत्तराखंड के पौड़ी जनपद श्रीनगर के पास 10 हजार वर्षों तक तपस्या की थी।

## सतना जिले को मिली 50 मेगावाट सौर ऊर्जा पार्क की सौगात

### राज्यमंत्री श्रीमती बागरी ने नवकरणीय ऊर्जा मंत्री से भेंट कर जताया आभार



सतना नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी के प्रयासों से सतना जिले को 50 मेगावाट सौर ऊर्जा सह ऊर्जा भण्डारण पार्क परियोजना की सौगात मिली है। परियोजना की स्वीकृति मिलने पर राज्यमंत्री श्रीमती बागरी ने नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री राकेश शुक्ला से भेटकर सतना जिले को 50 मेगावाट सौर ऊर्जा एवं ऊर्जा भंडारण परियोजना की स्वीकृति मिलने पर आभार व्यक्त किया।

प्रदेश में नवकरणीय ऊर्जा लक्ष्य को पूरा करने के लिए मंत्रि परिषद के निर्णय अनुसार सतना जिले में 300 मेगावाट सौर ऊर्जा परियोजना (4 घंटे ऊर्जा भंडारण सहित), 300 मेगावाट सौर ऊर्जा परियोजना (6 घंटे ऊर्जा भंडारण सहित) तथा 200 मेगावाट 24 घंटे उपलब्धता वाली सौर ऊर्जा परियोजना हेतु मंजरी दी गई है।

मध्यप्रदेश के सतना जिले में 50 मेगावाट सौर ऊर्जा सह ऊर्जा भण्डारण पार्क परियोजना का विकास किया जायेगा। सौर पार्क के विकास एवं परियोजना डेवलपर्स के चयन हेतु रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर को सौर ऊर्जा पार्क विकासक के रूप में नियुक्त किया गया है। यह परियोजना सतना के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोलेगी। इससे स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे, उद्योगों एवं निवेश को बढ़ावा मिलेगा तथा क्षेत्रीय विकास एवं आधारभूत सुविधाओं में सुधार आएगा।

## विधायक कुँवर सिंह टेकाम ने निषादराज के आदर्शों का किया स्मरण

### केवट जयंती पर ग्राम खोखरा में कार्यक्रम आयोजित



सीधी केवट जयंती के अवसर पर जनपद पंचायत कुसमी अंतर्गत ग्राम खोखरा में मछुआ समिति द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में धौहनी विधायक श्री कुँवर सिंह टेकाम मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर उन्होंने निषादराज जी के आदर्श जीवन, समरसता, भाईचारे और सामाजिक एकता के संदेश पर प्रकाश डाला।

विधायक श्री टेकाम ने अपने संबोधन में कहा कि निषादराज का चरित्र त्याग, सेवा, समर्पण और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम के प्रति निषादराज की निष्ठा, मित्रता और सहयोग भारतीय संस्कृति में आदर्श संबंधों की प्रेरणादायी मिसाल है।

आज के समय में समाज को ऐसे ही आदर्शों को आत्मसात करते हुए आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारे को मजबूत करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि केवट समाज का सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक योगदान महत्वपूर्ण रहा है। समाज के प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर विकास की धारा में आगे बढ़ना ही सच्ची सामाजिक समरसता है।

कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कुसमी श्री ज्ञानेन्द्र मिश्र, बीआरसीसी श्री अंगिरा प्रसाद द्विवेदी, मछुआ समिति एवं केवट समाज के पदाधिकारी, समाजजन तथा बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान समाज के लोगों ने केवट जयंती उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई।

## सांसद एवं विधायक की उपस्थिति में 65 हितग्राहियों को सहायक उपकरण वितरित



सीधी सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा जनपद पंचायत कुसमी में भारत सरकार की वयोश्री योजना एवं एडिप योजना अंतर्गत दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों के लिए सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 65 हितग्राहियों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप व्हीलचेयर, ट्राई साइकिल, मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल, श्रवण यंत्र, सुगम्य केन, आईडी किट सहित अन्य सहायक उपकरण वितरित किए गए। साथ ही मुख्यमंत्री दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन योजना के तहत दो हितग्राहियों को उच्च शिक्षा में सहयोग हेतु लैपटॉप भी प्रदान किए गए।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों के जीवन को अधिक सम्मानजनक, आत्मनिर्भर और सुगम बनाना सरकार की प्राथमिकता है। सहायक उपकरण केवल सुविधा का साधन नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, स्वावलंबन और जीवन में नई गति प्रदान करने का माध्यम हैं।

## जल गंगा संवर्धन अभियान हमारी विरासत को संजोने का अभियान-कमिष्नर

### सुतीक्षण मुनि आश्रम में जल संरक्षण अभियान के तहत कार्यक्रम संपन्न



सतना मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, मझगवां के तत्वावधान में ऐतिहासिक एवं पावन सुतीक्षण मुनि आश्रम परिसर में जल संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन को लेकर एक विशाल जनजागरूकता का जल संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रीवा संभाग के कमिश्नर बी. एस. जामोद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुतीक्षण मुनि के पूज्य स्वामी महेशानंद महाराज ने की विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सतना के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम मझगवां महिपाल सिंह गुर्जर, जन अभियान परिषद संभाग के संभाग समन्वयक प्रवीण पाठक, जिला समन्वयक सतना डॉ. राजेश तिवारी, जनप्रतिनिधि प्रमोद द्विवेदी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ आश्रम परिसर स्थित जल स्रोत के विधिवत पूजन के साथ हुआ। इसके पश्चात नवांकुर संस्थाओं, प्रस्फुटन समितियों, सीएमसीएलडीपी छात्रों, स्थानीय स्वयंसेवी संस्थाओं, सरपंच-सचिवों एवं ग्रामीणों ने सामूहिक श्रमदान करते हुए गायत्री कुंड की साफ-सफाई की गई। श्रमदान के दौरान लगातार एक घंटे श्रमदान कर बंद पडे कुड के जल श्रोत्रों को पुनर्जीवित किया। इसके उपरांत जल संवाद का आयोजन किया गया, जिसमें जल संकट और उसके समाधान को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। मुख्य अतिथि संभागायुक्त बीएस जामोद ने कहा कि जल ही जीवन है, यह केवल एक नारा नहीं बल्कि हमारे अस्तित्व की सच्चाई है। सरकार जल संरक्षण के लिए निरंतर कार्य कर रही है, लेकिन जब तक आमजन की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित नहीं होगी, तब तक हम जल संकट से प्रभावी रूप से नहीं निपट पाएंगे। सुतीक्षण मुनि आश्रम से प्रारंभ हुआ यह अभियान पूरे संभाग में नई चेतना जगाने का कार्य करेगा।

## माइक्रो प्लान बनाकर प्रत्येक गांव में पेयजल पहुंचाने की समय-सीमा तय करें-राधा सिंह

### जनगणना में समय से पूर्व काम पूरा करने वाले प्रगणकों को दिये प्रषस्ति पत्र

### प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक संपन्न



मैहर मध्यप्रदेश शासन की पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री तथा मैहर जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती राधा सिंह ने कहा कि सतना बाणसागर समूह जल प्रदाय योजना के अंतर्गत लक्षित गांव में प्रत्येक गांव की माइक्रो योजना बनाकर पेयजल पहुंचाने की समय-सीमा तय करें। प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक में जनगणना, उपार्जन, मां शारदा के प्रथम चरण, जल गंगा संवर्धन अभियान और जल निगम के कार्यों की समीक्षा की गई। इस मौके पर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, कलेक्टर श्रीमती बिदिशा मुखर्जी, पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह, डीएफओ विद्याभूषण मिश्रा, अपर कलेक्टर सुश्री संजना जैन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

जल निगम की सतना बाणसागर समूह जल प्रदाय योजना की समीक्षा में बताया गया कि 1135 करोड रूपये लागत की योजना में सतना और मैहर जिले के 980 ग्राम शामिल किये गये है। जिनमें सतना जिले के 420 और मैहर जिले के 560 गांव शामिल है। योजना की भौतिक प्रगति 95 प्रतिशत है और मैहर जिले के 136 गांव में पेयजल का पानी दिया जा रहा है। इस योजना में मैहर जिले के अमरपाटन के 170, रामनगर के 166 और मैहर के 224 गांव तथा सतना जिले के उचेहरा के 211 तथा रामपुर बघेलान के 209 गांव में हर घर नल से जल पहुंचाया जायेगा।

योजना को 31 दिसम्बर 2026 तक पूर्ण करने की तिथि संभावित है। उपार्जन कार्य की समीक्षा में बताया गया कि मैहर जिले में 42 उपार्जन केन्द्र निर्धारित किये गये है।

## 16 मई को मनाया जाएगा 11वां राष्ट्रीय डेंगू दिवस, जनभागीदारी से डेंगू नियंत्रण का संदेश

### 'जांच करें, सफाई करें और ढकें' थीम के साथ जागरूकता गतिविधियां होंगी आयोजित




सीधी जिले में 16 मई 2026 को 11वां राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जाएगा। मानसून पूर्व डेंगू नियंत्रण गतिविधियों को प्रभावी बनाने तथा आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से यह दिवस प्रतिवर्ष मनाया जाता है। इस वर्ष राष्ट्रीय डेंगू दिवस की थीम डेंगू नियंत्रण के लिए जनभागीदारीरू जांच करें, सफाई करें और ढकें- निर्धारित की गई है। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में वर्ष 2025 में डेंगू के 49 मरीज चिन्हित किए गए थे, जबकि जनवरी 2026 से 15 मई 2026 तक 13 डेंगू मरीज सामने आ चुके हैं। इसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम के प्रयासों को और तेज करने की तैयारी की है।

राष्ट्रीय डेंगू दिवस का उद्देश्य डेंगू वाहक एडीज मच्छर के प्रजनन को रोकना, संक्रमण के प्रसार को कम करना और जनसमुदाय की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि डेंगू एक वायरस जनित बीमारी है, जो एडीज मच्छर के काटने से फैलती है। यह मच्छर प्रायः साफ एवं ठहरे हुए पानी में पनपता है और दिन के समय अधिक सक्रिय रहता है। डेंगू से बचाव के लिए नागरिकों से घर और आसपास साफ-सफाई बनाए रखने की अपील की गई है। कूलर, पानी की टंकियां, फ्रिज की ट्रे, फूलदान, पक्षियों के पानी के बर्तन और अन्य जल संग्रहण स्थलों को सप्ताह में कम से कम एक बार साफ एवं सुखाकर ही पुनः उपयोग करने की सलाह दी गई है।

## अमेरिकी विदेश मंत्री रुबियो के लिए चीन ने लिया चालाकी से काम

बीजिंग। बीजिंग द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों के बावजूद अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो चीन में कैसे प्रवेश कर सके? दरअसल, यह चीन द्वारा अपनाई भाषाई तरकीब और राजनयिक प्रोटोकॉल की बदौलत संभव हुआ। अमेरिकी विदेश मंत्री रुबियो पर चीन ने सीनेटर रहते हुए दो बार प्रतिबंध लगाए थे। बीजिंग द्वारा रुबियो के नाम के लिप्यंतरण में बदलाव करने के बाद रुबियो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की चीन की पहली यात्रा पर उनके साथ गए। रिपोर्ट बताया गया कि चीन ने यह चालाकी से किया है। इस यात्रा के आधिकारिक दस्तावेजों में उनके नाम की वर्तनी अलग है।

## चीन से दोस्ती के बीच क्यूबा में अमेरिका की बड़ी घेराबंदी सीआईए प्रमुख ने किया गुप्त दौरा

वाशिंगटन। एक तरफ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बीजिंग में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात कर अच्छे संबंधों का दावा कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ अमेरिका ने चीन, रूस और ईरान के रणनीतिक गढ़ माने जाने वाले क्यूबा की घेराबंदी तेज कर दी है। ट्रंप की इस कूटनीति के बीच अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए के डायरेक्टर जॉन रैटक्लिफ ने अचानक क्यूबा का दौरा किया। रैटक्लिफ ने क्यूबा के गृह मंत्री लाजारो अल्वारेज कासास और पूर्व राष्ट्रपति राउल कास्त्रो के पोते सहित शीर्ष अधिकारियों से सीधी बातचीत की।

## अनोखी घटना- मां के गर्भ से दो बार जन्मा एक ही बच्चा

लंदन। चिकित्सा विज्ञान ने ऐसा चमत्कार कर दिखाया है जिसने सभी को हैरान कर दिया। यह अनोखी घटना मेडिकल जगत में चर्चा का विषय बनी हुई है। यह हैरान करने वाली घटना है एक नवजात शिशु का अपनी जिंदगी बचाने के लिए मां के गर्भ से दो बार जन्म लेना। बच्चे का नाम कैसियन जौबर्ट है, जिसकी जिंदगी बचाने के लिए डॉक्टरों ने बेहद जोखिम भरी और दुर्लभ सर्जरी का सहारा लिया। इस पूरे मामले को चिकित्सा विज्ञान की बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। कैसियन की मां के एशर और पिता ग्रेग जौबर्ट को जनवरी 2025 में पता चला था कि उनके घर दूसरा बच्चा आने वाला है। परिवार इस खबर से बेहद खुश था।

## अमेरिका में सोना रखना था अपराध, जनता से जबरन छीना था गोल्ड

वाशिंगटन। आज के दौर में सोना सुरक्षित निवेश और संपन्नता का सबसे बड़ा प्रतीक माना जाता है, लेकिन इतिहास के पन्नों में एक ऐसा अध्याय भी दर्ज है जब दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था, अमेरिका में सोना रखना एक गंभीर कानूनी अपराध बन गया था। यह घटना साल 1933 की है, जब अमेरिका ग्रेट डिप्रेशन यानी महामंदी की भीषण मार झेल रहा था।

# पश्चिम एशिया में शांति के लिए भारत ने यूएई के साथ खड़े रहने का दिया भरोसा

### यूएई पहुंचे पीएम मोदी का हुआ जबरदस्त स्वागत

### -ऊर्जा और रक्षा क्षेत्र समेत कई अहम समझौते

### -रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार, एलपीजी आपूर्ति और 5 अरब डॉलर निवेश पर सहमति



अबू धाबी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को अपने पांच देशों के दौरे के पहले चरण में संयुक्त अरब अमीरात पहुंचकर भारत-यूएई संबंधों को नई मजबूती दी।

अबू धाबी पहुंचने पर यूएई के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने उनका भव्य स्वागत किया। यूएई वायुसेना के एफ-16 लड़ाकू विमानों ने प्रधानमंत्री मोदी के विमान को एस्कॉर्ट किया, जिसे प्रधानमंत्री ने भारत के लिए सम्मान बताया। इस दौरे के दौरान दोनों नेताओं के बीच हुई प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता में रक्षा, ऊर्जा, निवेश और समुद्री सुरक्षा जैसे कई अहम मुद्दों पर सहमति बनी। भारत और यूएई ने रणनीतिक रक्षा साझेदारी को मजबूत करने के लिए एक नए फ्रेमवर्क पर सहमति जताई। इसके अलावा रणनीतिक पेट्रोलियम रिजर्व स्थापित करने तथा भारत को लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

गुजरात के वाडिनार में जहाजों की मरम्मत के लिए एक विशेष क्लस्टर विकसित करने पर भी सहमति बनी है। माना जा रहा है कि इन समझौतों से भारत की ऊर्जा सुरक्षा और समुद्री ढांचे को नई मजबूती मिलेगी।

### 5 अरब डॉलर निवेश का ऐलान

यूएई की ओर से भारतीय बुनियादी ढांचे, आरबीएल बैंक और सम्मान कैपिटल में कुल 5 अरब अमेरिकी डॉलर निवेश की घोषणा की गई। यह निवेश भारत के वित्तीय और इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में पूंजी प्रवाह बढ़ाने के लिहाज से अहम माना जा रहा है। भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (एफआईईओ) ने भी इस दौरे को भारत-यूएई व्यापारिक संबंधों के लिए महत्वपूर्ण बताया है। पश्चिम एशिया में शांति पर भारत का जोरप्रधानमंत्री मोदी ने पश्चिम एशिया में जारी तनाव और यूएई पर हुए हमलों की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि भारत हर परिस्थिति में संयुक्त अरब अमीरात के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहेगा। उन्होंने कहा कि -यूएई को जिस तरह निशाना बनाया गया, वह पूरी तरह अस्वीकार्य है। कठिन परिस्थितियों में आपने जो संयम और साहस दिखाया है, वह प्रशंसनीय है।+ प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत हमेशा समस्याओं के समाधान के लिए संवाद और कूटनीति को प्राथमिकता देता है।

# जिनपिंग की चेतावनी पर ताइवान का पलटवार: चीन ही क्षेत्रीय असुरक्षा का मूल कारण



बीजिंग। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के चीन दौरे के दौरान हुई द्विपक्षीय वार्ता में ताइवान का मुद्दा गर्माया हुआ है। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने इस मामले को बेहद संवेदनशील बताकर अमेरिका को टकराव की चेतावनी दी, जिस पर ताइवान ने पलटवार कर चीन को ही क्षेत्रीय असुरक्षा का एकमात्र कारण बताया। बीजिंग में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ अपनी बैठक के दौरान, शी ने कहा कि ताइवान मुद्दा चीन-अमेरिका संबंधों में सबसे महत्वपूर्ण है और इस मुददे को गलत तरीके से संभाला गया तब यह बहुत खतरनाक स्थिति पैदा कर सकता है। उन्होंने कहा कि ताइवान की स्वतंत्रता और क्रॉस-स्ट्रेट शांति आग और पानी की तरह एक-दूसरे के विपरीत हैं।

चीनी राष्ट्रपति ने चेतावनी दी कि अगर ताइवान के मुद्दे को ठीक से नहीं संभाला गया, तब दोनों देशों के बीच टकराव और यहां तक कि संघर्ष की स्थिति पैदा हो सकती है, जिससे पूरे द्विपक्षीय संबंध खतरे में पड़ जाएंगे। चीन की कम्युनिस्ट पार्टी ताइवान पर अपना दावा करती है और उसने कसम खाई है कि जरूरत पड़ने पर वह इसे जबरदस्ती अपने नियंत्रण में ले लेगी।

लेकिन जिनपिंग के इस बयान पर ताइवान ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। अमेरिकी मीडिया के अनुसार, ताइवान कैबिनेट के प्रवक्ता मिशेल ली ने कहा, ताइवान स्ट्रेट और हिंद-प्रशांत इलाके में असुरक्षा का एकमात्र स्रोत चीन का सैन्य खतरा है। उन्होंने क्षेत्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रक्षा क्षमताओं को लगातार बेहतर बनाने और प्रभावी संयुक्त निवारण को सबसे जरूरी कारक बताया।

गौरतलब है कि अमेरिका लोकतांत्रिक तरीके से काम कर रहे ताइवान के साथ मजबूत अनौपचारिक संबंध रखता है, लेकिन चीन के संभावित हमले की स्थिति में अमेरिकी सैन्य दखल पर वह जानबूझकर कुछ भी स्पष्ट नहीं कहता, जिसे रणनीतिक अस्पष्टता कहा जाता है।

चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर राष्ट्रपति शी की चेतावनी को दोहराया। इस बीच, ट्रंप ने बीजिंग में ऐतिहासिक टेंपल ऑफ हेवन का दौरा कर यूनेस्को धरोहर स्थल और चीन की जमकर सराहना की, लेकिन ताइवान से जुड़े सवालों पर वे पूरी तरह मौन रहे।

# चीन से ही ट्रंप ने ईरान को दी चेतावनी- समझौता करो या विनाश झेलने को तैयार रहो

### ट्रंप ने बताया कि शी चिनफिंग मेरी बात से सहमत



बीजिंग। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी 3 दिवसीय चीन यात्रा के अंतिम चरण में ईरान को लेकर सबसे कड़ा रुख अख्तियार किया है। बीजिंग में दिए एक विशेष साक्षात्कार में ट्रंप ने स्पष्ट चेतावनी दी कि ईरान के पास अब केवल दो ही रास्ते बचे हैं, या वह परमाणु कार्यक्रम और क्षेत्रीय संघर्ष को खत्म करने के लिए समझौता करे, या फिर विनाश का सामना करने के लिए तैयार रहे। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका किसी भी कीमत पर ईरान को परमाणु हथियार हासिल नहीं करने देगा, और उसकी वर्तमान आर्थिक व सैन्य स्थिति को तबाह बताया। उन्होंने कहा कि ईरान अब खत्म हो चुका है, और उसके पास समझौता करने या फिर पूरी तरह से खत्म हो जाने का विकल्प है।ट्रंप ने बताया कि उन्होंने चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ ईरान मुद्दे पर चर्चा की है। उनके अनुसार, राष्ट्रपति शी भी अमेरिका और ईरान के बीच समझौता होते देखना चाहते हैं और उन्होंने मदद की पेशकश भी की। ट्रंप ने दावा किया कि शी ने आश्वासन दिया है कि चीन ईरान को सैन्य उपकरण नहीं देगा, बावजूद इसके कि चीन वर्तमान में ईरान के 90 प्रतिशत तेल का सबसे बड़ा खरीदार है और तेहरान के साथ उसकी रणनीतिक साझेदारी है। ट्रंप ने चिनफिंग को मिलनसार और काम पर केंद्रित नेता बताया, जिनके साथ उनके संबंध बेहद सफल रहे हैं। उन्होंने अपने स्वागत में हुए सैन्य सम्मान समारोह को अद्भुत बताया, जिसकी तुलना हॉलीवुड के दृश्यों से की। ईरान के खिलाफ संभावित सैन्य कार्रवाई का बचाव कर ट्रंप ने उसकी सैन्य क्षमताओं पर भी तीखी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष जनरल डैन केन ने उन्हें बताया कि अमेरिका ईरान के खार्ग द्वीप को महज चार से पांच मिनट में पूरी तरह बर्बाद कर सकता है।

# पाकिस्तान में सेना के कैंप पर आत्मघाती हमला, 15 सैनिकों की मौत

### -टीटीपी ने ली हमले की जिम्मेदारी



इस्लामाबाद। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत स्थित बाजौर में सेना के एक कैंप पर बड़ा आत्मघाती हमला हुआ है। शुरुआती रिपोर्टों के अनुसार, इस हमले में कम से कम 15 पाकिस्तानी सैनिकों की जान चली गई है। आतंकियों ने इस हमले को एक सोची-समझी साजिश के तहत अंजाम दिया।

घटनाक्रम के मुताबिक, हमलावरों ने सबसे पहले सेना परिसर के एक हिस्से में जोरदार धमाका किया। इस विस्फोट से मची अफरा-तफरी का लाभ उठाकर भारी हथियारों से लैस आतंकवादी कैंप के भीतर घुस गए। इसके बाद सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच काफी देर तक भीषण मुठभेड़ जारी रही। आतंकी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने इस आत्मघाती हमले की जिम्मेदारी ली है। संगठन ने आधिकारिक बयान जारी कर कहा कि यह हमला उनकी स्पेशल इस्तशहादी फोर्सेज द्वारा किया गया है।

अक्टूबर 2025 में क्वेटा में हुए हमले के बाद यह पहली बार है जब टीटीपी ने आधिकारिक तौर पर किसी आत्मघाती बम धमाके की जिम्मेदारी स्वीकार की है।

गौरतलब है कि खैबर पख्तूनख्वा प्रांत लंबे समय से उग्रवाद और आतंकवाद से प्रभावित रहा है और इस ताजा हमले के बाद पूरे इलाके में सुरक्षा व्यवस्था को बेहद कड़ा कर दिया गया है। हैरानी की बात यह है कि खैबर पख्तूनख्वा में एक सप्ताह के भीतर यह दूसरा आत्मघाती हमला है। इससे पहले मंगलवार को लक्की मरवत जिले के नौरंग बाजार में विस्फोटकों से भरे एक ऑटोरिक्शा के जरिए धमाका किया गया था, जिसमें दो पुलिसकर्मियों और एक महिला सहित कई लोगों की मौत हुई थी। इसके अलावा, इसी साल फरवरी में भी इस प्रांत में हुए एक आतंकी हमले में 5 पुलिसकर्मियों और दो नागरिकों की जान गई थी।

# स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज में जहाजों की आवाजाही शुरू

### -कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट



तेहरान। दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री तेल मार्ग, स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज में जहाजों की आवाजाही को लेकर बड़ी हलचल सामने आई है। ईरान ने दावा किया है कि इस रणनीतिक मार्ग से कुछ जहाजों को गुजरने की अनुमति दी गई है। रिपोर्ट्स के अनुसार, हाल के कुछ घंटों में लगभग 30 जहाजों ने इस जलडमरूमध्य को पार किया है। इनमें विशेष रूप से कुछ चीनी जहाजों को ट्रांजिट की अनुमति दी गई है, जिससे अंतरराष्ट्रीय शिपिंग ट्रैफिक में सक्रियता बढ़ी है।

इस घटनाक्रम का सीधा और सकारात्मक असर वैश्विक तेल बाजार पर पड़ा है। कच्चे तेल की सप्लाई बाधित होने की आशंका कम होने से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतों में गिरावट दर्ज की गई। ब्रेंट क्रूड ऑयल फ्यूचर्स 73 सेंट (लगभग 0.7प्रतिशत) गिरकर 104.90 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। वहीं, अमेरिकी वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट फ्यूचर्स भी 20 सेंट की गिरावट के साथ 100.82 डॉलर प्रति बैरल पर बंद हुआ।

बाजार में यह गिरावट ऐसे समय में देखी गई है जब निवेशक अमेरिका में संभावित ब्याज दरों में बढ़ोतरी को लेकर पहले से ही चिंतित हैं। इस बीच, कूटनीतिक स्तर पर भी बड़ी प्रगति हुई है। व्हाइट हाउस के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हुई बैठक में इस बात पर सहमति बनी है कि ऊर्जा के मुक्त प्रवाह के लिए स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज का खुला रहना अनिवार्य है। स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि दुनिया के कुल तेल व्यापार का एक बड़ा हिस्सा इसी संकरे रास्ते से होकर गुजरता है। यहां किसी भी तरह का तनाव या रुकावट सीधे तौर पर वैश्विक सप्लाई चेन और वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रभावित करती है। हालांकि ईरान द्वारा जहाजों को अनुमति दिए जाने से फिलहाल तनाव में कुछ कमी आई है।

# 4.3 करोड़ अमेरिकी छात्र ऋण के बोझ तले- शिक्षा सचिव ने सुधारों का किया बचाव



वाशिंगटन। अमेरिका में कॉलेज शिक्षा की बढ़ती लागत पर लगाम लगने के प्रयासों के बीच, शिक्षा सचिव लिंडा मैकमोहन ने कांग्रेस को बताया है कि 4.3 करोड़ अमेरिकी छात्र वर्तमान में 1.7 ट्रिलियन डॉलर के भारी छात्र ऋण के बोझ में दबे हैं। प्रतिनिधि सभा की शिक्षा और कार्यबल समिति के समक्ष पेश होकर मैकमोहन ने व्यापक छात्र ऋण सुधारों का जोरदार बचाव किया। उन्होंने तर्क दिया कि असीमित संघीय ऋण व्यवस्था ने पूरे देश में कॉलेज की फीस में अत्यधिक वृद्धि की है, जिससे यह विशाल ऋण संकट पैदा हुआ है। उन्होंने कहा, हम पर 1.7 ट्रिलियन डॉलर का कर्ज है और 4.3 करोड़ छात्र इससे प्रभावित हैं। कॉलेज की लागत कम करने के लिए हमें वास्तव में कुछ ठोस करना होगा।

प्रशासन की उच्च शिक्षा सुधार योजना पर सुनवाई जल्द ही तीखी बहस में बदल गई, विशेष रूप से स्नातकोत्तर छात्रों के ऋण पर प्रस्तावित नई सीमाओं को लेकर। इन सीमाओं का असर नर्सिंग, शिक्षण और सामाजिक कार्य जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों पर पड़ने की आशंका है। डेमोक्रेटिक नेताओं ने चेतावनी दी कि ये बदलाव न केवल कार्यबल की कमी को और बढ़ा सकते हैं, बल्कि छात्रों को महंगे निजी ऋण विकल्पों की ओर धकेलने पर मजबूर कर सकते हैं। कनेक्टिकट के प्रतिनिधि जो कर्टनी ने आरोप लगाया कि देश गंभीर स्वास्थ्यकर्मी संकट से जूझ रहा है, ऐसे में प्रशासन उन्नत नर्सिंग शिक्षा को और अधिक महंगा बना रहा है। उनके अनुसार, कुछ स्नातकोत्तर नर्सिंग कार्यक्रम पहले ही नई संघीय ऋण सीमा से अधिक महंगे हैं। मैकमोहन ने इन आलोचनाओं को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि इन सुधारों का मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालयों पर फीस कम करने का दबाव बनाना है। उन्होंने दावा किया कि नए नियमों की घोषणा के बाद कुछ विश्वविद्यालयों ने अपने स्नातकोत्तर कार्यक्रमों की फीस घटानी शुरू कर दी है। मैकमोहन ने तर्क दिया कि वर्षों से संघीय ऋण नीतियों ने कॉलेजों को बिना किसी प्रभावी नियंत्रण के मनमानी फीस बढ़ाने की छूट दे रखी थी। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य उच्च शिक्षा की लागत को कम करना है। शिक्षा सचिव ने संघीय छात्र सहायता (एफएएफएसए) प्रणाली में किए गए अन्य सुधारों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि नया एफएएफएसए आवेदन अब पहले से कहीं अधिक सरल हो गया है और इसे पूरा करने में कई दिनों के बजाय करीब 35 मिनट लगते हैं।

## जिनपिंग ने ट्रंप की कर दी भयंकर बेइज्जती

# अमेरिका को बताया गिरता हुआ देश



बीजिंग। ईरान और पश्चिम एशिया संकट के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की चीन यात्रा इस समय पूरी दुनिया में कौतूहल का विषय बनी हुई है। बीजिंग में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ हुई कूटनीतिक मुलाकात के दौरान एक ऐसे बयान ने वैश्विक राजनीति में हलचल मचा दी है, जिसे अमेरिका के लिए एक बड़ा कूटनीतिक झटका माना जा रहा है। बैठक के दौरान शी जिनपिंग ने अमेरिका की ओर इशारा करते हुए उसे पतन की ओर जाता देश या गिरता हुआ राष्ट्र कह दिया। दिलचस्प बात यह है कि डोनाल्ड ट्रंप ने भी इस बात पर जिनपिंग से सहमति जताई, लेकिन उन्होंने इस पूरे बयान की एक नई कूटनीतिक व्याख्या पेश की है।

डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट के जरिए अपनी स्थिति स्पष्ट करते हुए अपनी सरकार का बचाव किया और पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के कार्यकाल पर निशाना साधा। ट्रंप का तर्क है कि जब चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अत्यंत नजाकत के साथ अमेरिका को एक संभवतः पतनशील राष्ट्र कहा, तो उनका इशारा उनके मौजूदा प्रशासन की तरफ नहीं, बल्कि बाइडन प्रशासन के उन चार वर्षों की तरफ था जिसमें अमेरिका को भारी नुकसान उठाना पड़ा। ट्रंप ने लिखा कि बाइडन के कार्यकाल को लेकर जिनपिंग की यह बात सौ फीसदी सही है, क्योंकि खुली सीमाओं, ऊंचे टैक्स, खराब व्यापार समझौतों और बढ़ते अपराध के कारण दो साल पहले तक अमेरिका सचमुच एक गिरता हुआ देश बन चुका था। हालांकि, यह पूरी तरह साफ नहीं हो सका है कि जिनपिंग ने यह टिप्पणी द्विपक्षीय निजी बातचीत में की या सार्वजनिक मंच पर। सार्वजनिक संबोधन के दौरान शी जिनपिंग ने थ्यूसिडिडीज ट्रैप की चेतावनी देते हुए कहा था कि दुनिया एक नए मोड़ पर है और क्या दोनों देश बड़ी शक्तियों के संबंधों का नया मॉडल बना सकते हैं? इसके साथ ही उन्होंने सदी के सबसे बड़े बदलावों का भी जिक्र किया, जिसे द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से स्थापित अमेरिकी वैश्विक व्यवस्था के कमजोर होने के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। दूसरी ओर, ट्रंप ने दावा किया कि उनके दोबारा सत्ता में आने के बाद से अमेरिकी शेयर बाजार रिकॉर्ड स्तर पर हैं,।

## धरती के बेहद करीब से गुजरेगा एस्टेरॉयड, वैज्ञानिकों ने दिया सुरक्षा का भरोसा



न्यूयार्क। अगले हफ्ते एक एस्टेरॉयड, जिसका नाम 2026 जेएच2 है, हमारी पृथ्वी के बहुत करीब से गुजरने वाला है। नासा के वैज्ञानिकों ने पुष्टि की है कि यह खगोलीय पिंड चंद्रमा की तुलना में काफी कम दूरी से निकलेगा, लेकिन अच्छी खबर है कि धरती से इसके टकराने की कोई आशंका नहीं है। यह एस्टेरॉयड करीब 90,917 किलोमीटर की दूरी से गुजरेगा, जो चंद्रमा और पृथ्वी के बीच की दूरी का करीब एक चौथाई है। खगोलविदों के लिए इतनी नजदीकी से गुजरना एक दुर्लभ घटना है, फिर भी उन्होंने इसके गुजरने को पूरी तरह सुरक्षित बताया है। अमेरिका के कैनसास और एरिजोना की स्पेस ऑब्जरवेटरी के वैज्ञानिकों ने हाल ही में एस्टेरॉयड की खोज की है। इस अपोलो क्लास के एस्टेरॉयड के रूप में वर्गीकृत किया है, जिसका अर्थ है कि इसकी कक्षा पृथ्वी की कक्षा को पार करती है। वैज्ञानिक अभी तक इस एस्टेरॉयड को 24 बार ट्रैक कर चुके हैं और इसके आकार, गति तथा रास्ते को बेहतर ढंग से समझने का प्रयास कर रहे हैं। अनुमान है कि यह 50 से 100 फीट मोटा हो सकता है, जो एक छोटे भवन के बराबर है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि इस आकार का कोई पिंड धरती से टकराता है, तब वह एक पूरे शहर को नष्ट करने की क्षमता रखता है। हालांकि, इस मामले में चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है, क्योंकि वैज्ञानिकों ने इसके टकराने की संभावना को पूरी तरह खारिज कर दिया है। नासा की जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी सहित दुनिया भर की खगोलीय वेधशालाएं इस एस्टेरॉयड की लगातार निगरानी कर रही हैं। कंप्यूटर सिमुलेशन और गणनाओं से पता चला है कि अगले सौ सालों तक 2026 छ्वा2 का धरती से टकराने का कोई खतरा नहीं है।

# चीन में मार्को रूबियो के आने पर लगा है बैन, नाम बदलकर बीजिंग बुलाया

### -ट्रंप के भी चीन में दो नाम प्रचलित हैं एक 'तेलांगपु' और दूसरा 'चुआनपु'



बीजिंग। चीन में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की यात्रा के बीच एक दिलचस्प कूटनीतिक कहानी सामने आई है। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो पर चीन ने बैन लगा रखा था, लेकिन ट्रंप के साथ वह बुधवार को पहली बार चीन की धरती पर उतरे। सवाल यह है कि आखिर ये कैसे मुमकिन हुआ? चीन नहीं चाहता था कि रुबियो के ऊपर से प्रतिबंध हटाए जाएं, लेकिन वह यह भी नहीं चाहता था कि अमेरिकी विदेश मंत्री को देश में आने से रोककर एक डिप्लोमैटिक विवाद खड़ा किया जाए।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक चीन ने इन सब से निपटने के लिए चाल चल। चीन ने मार्को रुबियो का नाम ही बदल दिया। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो पर चीन ने 2020 में प्रतिबंध लगाया था। इसमें चीन में एंट्री से जुड़ा बैन भी था। दरअसल रूबियो तब सिर्फ सीनेटर थे।

वह चीन के शिनजियांग में उइगर मुसलमानों पर अत्याचार और हांगकांग की मानवाधिकार स्थिति को लेकर लगातार कड़ी आलोचना करते थे। इससे नाराज चीन ने मार्को रूबियो समेत कई अन्य नेताओं पर प्रतिबंध लगा दिया, लेकिन अब तस्वीर बदल गई। ट्रंप ने उन्हें विदेश मंत्री बना दिया, जिस कारण चीन को मजबूरी में अपना रुख बदलना पड़ा। चीन ने साफ कहा कि रूबियो पर लगा प्रतिबंध उनके सीनेटर रहने के दौरान दिए गए बयानों के कारण है, न कि उनके मौजूदा काम के आधार पर।

चीन ने अपनी भाषा में मार्को रुबियो के नाम में छोटा सा बदलाव कर दिया, जिस कारण रूबियो के लिए चीन के दरवाजे खुल गए। चीन ने रूबियो के नाम का चीनी ट्रांसलिटरेशन बदल दिया यानी उनके नाम को चीनी भाषा में लिखने का तरीका बदल दिया। इससे तकनीकी तौर पर पुराने प्रतिबंध लागू नहीं होते और रुबियो की एंट्री का रास्ता साफ हो गया। रूबियो का स्टैंडर्ड चीनी नाम 'माक लूबि आओ' था। इसका उच्चारण थोड़ा अलग है।

## मुंबई इंडियंस से हारी पंजाब किंग्स की प्लेऑफ उम्मीदों को झटका

धर्मशाला। तिलक वर्मा और शार्दुल ठाकुर के अच्छे प्रदर्शन से मुम्बई इंडियंस ने यहां हुए आईपीएल मुकाबले में पंजाब किंग्स को छह विकेट से हरा दिया। इस हार से मुम्बई इंडियंस की टीम की प्लेऑफ की उम्मीदों को करारा झटका लगा है क्योंकि 13 अंक लेकर वह अभी भी चौथे स्थान पर ही है। यह उसकी लगातार पांचवी हार है। शुरुआती मैचों में लगातार जीत दर्ज कर रही पंजाब इस मैच में भी कमजोर गेंदबाजी के कारण हार गयी। वहीं मुम्बई इंडियंस पहले ही प्लेऑफ से बाहर हो गयी थी।

## थाईलैंड ओपन- सिंधु और लक्ष्य जीते, श्रीकांत व देविका बाहर हुए

बैंकॉक। भारत की पी वी सिंधु और लक्ष्य सेन यहां खेले जा रहे थाईलैंड ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गये हैं। वहीं किदांबी श्रीकांत और देविका सिहाग हार के साथ ही बाहर हो गये। छठी वरीयता प्राप्त सिंधु ने महिला एकल के दूसरे दौर में डेनमार्क की अमेली शूल्ज को केवल 28 मिनट में ही 21-13, 21-15 के सीधे गेम में हरा दिया। अब सिंधु का मुकाबला क्वार्टर फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त और दुनिया की तीसरी रैंकिंग वाली जापान की अकाने यामागुची से होगा। वहीं पुरुष एकल में, सातवीं वरीयता प्राप्त लक्ष्य सेन ने चीनी खिलाड़ी झू शुआन चेन को सीधे गेम में 21-12, 21-13 से हरा दिया।

## बीसीसीआई ने मुंबई इंडियंस के बल्लेबाजी कोच पर जुर्माना लगाया

धर्मशाला। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने पंजाब किंग्स के खिलाफ यहां हुए मुकाबले में आचार संहित उल्लंघन के लिए मुम्बई इंडियंस के बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड पर मैच फीस का 15 फीसदी जुर्माना लगाया है। पोलार्ड पर अंपायर के खिलाफ अपशब्दों का प्रयोग करने के लिए ये जुर्माना लगाया गया है। इस घटना ने जहां मुम्बई इंडियंस की जीत का स्वाद थोड़ा फीका , वहीं दूसरी ओर पोलार्ड के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक और नकारात्मक अंक जुड़ गया है, जो भविष्य में उनके लिए और मुश्किलें खड़ी कर सकता है।

## बांग्लादेश के शादमान पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर हुए

जाकिर हसन शामिल

ढाका । बांग्लादेश क्रिकेट टीम के बल्लेबाज शादमान इस्लाम चोटिल होने के कारण पाकिस्तान के खिलाफ 16 मई से होने वाले दूसरे क्रिकेट टेस्ट से बाहर हो गये हैं। शादमान को मीरपुर में खेले गए पहले टेस्ट के दौरान सीने में चोट लग गयी थी। ऐसे में उनकी जगह पर बाएं हाथ के युवा बल्लेबाज जाकिर हसन को शामिल किया गया है। दूसरा टेस्ट 16 मई से सिलहट में शुरू होगा।

# आईपीएल सत्र के बाद जा सकती है ऋषभ सहित इन तीन खिलाड़ियों की कप्तानी



मुम्बई। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 19 वें सत्र में खराब प्रदर्शन के करण तीन टीमों के कप्तानों की कुर्सी खतरे में नजर आ रही है। ये तीनो ही लगातार दो सत्र में कप्तानी करने के बाद भी असफल रहे हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार ये तीन कप्तान है। लखनऊ सुपर जायंट्स के ऋषभ पंत, कोलकाता नाइट राइडर्स के अजिंक्य रहाणे और दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल।

ऋषभ पंत - लखनऊ सुपर जायंट्स टीम सबसे पहले टूर्नामेंट से बाहर हो गयी है। टीम के कप्तान ऋषभ और उनकी टीम का प्रदर्शन बेहद खराब रहा। ऋषभ न तो रन बना पाये और न ही अपनी टीम को प्रेरित कर पाये। टीम केवल तीन मैच जीत पायी और प्लेऑफ से बाहर हो गयी। ऋषभ ने अलग-अलग क्रम पर बल्लेबाजी करने की कोशिश की, लेकिन वह दबाव में दिखे। उन्होंने 138 के स्ट्राइक-रेट से केवल 251 रन बनाए और 11 मैचों में सिर्फ नौ छक्के लगाए, जो आधुनिक टी20 मानकों से काफी नीचे है। उनके बल्ले की लय गायब दिखी और टीम संयोजन के कुछ फैसलों ने भी प्रशंसकों को हैरान कर दिया। अक्षर पटेल - वहीं दिल्ली कैपिल्स के कप्तान अक्षर पटेल भी कप्तान और खिलाड़ी दोनों के तौर पर प्रभावित नहीं कर पाये और 9 पारियों में 112.50 के स्ट्राइक-रेट से केवल 100 रन ही बना पाये हैं। बनाए, जिसमें से 56 रन एक ही पारी में आए और बाकी 44 रन आठ पारियों में बने, जबकि उन्होंने ज्यादातर मैचों में शीर्ष पांच में बल्लेबाजी की। गेंदबाजी में भी उनका प्रदर्शन निराशाजनक रहा, 12 मैचों में 36 ओवर में 8.05 की इकोनॉमी से केवल 10 विकेट ही ले पाये। उनके कई फैसलों पर भी सवाल उठे।

अजिंक्य रहाणे - कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान अजिंक्य रहाणे भी टीम को प्रेरित करने में विफल रहे। वह टीम के लिए सलामी बल्लेबाज के तौर पर उतरे पर उसे एक भी मैच में तेज शुरुआत नहीं दिला पाये न ही अपने साथी अंगकृष रघुवंशी को तेज खेलने के लिए उत्साहित कर पाये।

रहाणे और अंगकृष की धीमी शुरुआत के कारण टीम दबाव में रही। रघुवंशी ने 139 से अधिक के स्ट्राइक-रेट से 340 रन बनाए, जबकि कप्तान रहाणे ने 133 के स्ट्राइक-रेट से 237 रन बनाए। दोनों ने शीर्ष तीन में बल्लेबाजी की, जिससे लगभग हर मैच में शुरुआती गति धीमी रही। इन दोनों ने 11 मैचों में मिलकर सिर्फ 25 छक्के लगाए, जो किसी भी टी20 टीम के लिए चिंताजनक है।

# विराट ने बढ़ती उम्र में भी अपनी श्रेष्ठता साबित की : गावस्कर



मुम्बई। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने आईपीएल में आरसीबी की ओर से खेल रहे विराट कोहली की जमकर प्रशंसा की है। गावसकर ने कहा कि बढ़ती उम्र में भी अपने प्रदर्शन से विराट ने साबित किया है कि उम्र बस एक एक संख्या है और उनका जुनून कभी खत्म नहीं होता। गावस्कर ने कहा कि कि जिस प्रकार से विराट आईपीएल में तेजी से रन बना रहे हैं उससे एक बार फिर उन्होंने दिखाया है कि लक्ष्य का पीछा करने में उनसे बेहतर कोई नहीं है। विराट ने जिस प्रकार से आईपीएल में अपना नौवां शतक लगाया है उससे पता चलता कि युवाओं के बीच भी उनका नंबर एक स्थान बना हुआ है। विराट ने कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) के खिलाफ मैच में शतकीय पारी खेलने के अलावा जिस प्रकार से टी20 क्रिकेट में सबसे तेज 14,000 रन पूरे करने का रिकॉर्ड बनाया है। वह भी दिखाता है कि 37 साल की उम्र में भी उनकी रनों की भूख और क्रिकेट के प्रति समर्पण पहले जैसा ही है।

गावस्कर ने कहा, केकेआर के खिलाफ मैच में विराट ने युवाओं को दिखाया कि लक्ष्य का पीछा करते समय पारी का निर्माण कैसे किया जाता है।

गावस्कर ने आगे कहा कि जब हर कोई इस सत्र में नई पीढ़ी के बारे में बात कर रहा था, तब कोहली ने अपनी पारी से दिखा दिया कि वह अभी भी मैदान पर मौजूद हैं और उनकी चमक बरकरार है। उन्होंने उन सभी आलोचकों को भी करारा जवाब दिया है जो उनपर संदेह कर रहे थे। गावस्कर के अनुसार, रिकॉर्ड तो टूटने के लिए बनते हैं पर विराट जिस तरह से लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं, मैच दर मैच, सत्र दर सत्र, उसकी बराबरी करने में किसी को भी बहुत लंबा वक्त लगेगा। उन्होंने यह भी कहा कि भले ही युवा सितारे अपने को साबित कर रहे हों पर अनुभवी विराट ने अभी तक अपनी जगह बरकरार रखी है। कोहली ने साबित किया कि पुरानी पीढ़ी अब भी सर्वश्रेष्ठ है।

# अश्विन ने डीआरएस के डेड बॉल नियम को बदलने की मांग की



चेन्नई। पूर्व क्रिकेटर रविचंद्रन अश्विन ने मुम्बई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल मुकाबले में पंजाब किंग्स टीम की हार के बाद एक बार फिर निर्णय समीक्षा प्रणाली (डीआरएस) के डेड बॉल नियम पर सवाल उठाये हैं। अश्विन के अनुसार इसी नियम का नुकसान पंजाब को हुआ है। अश्विन के अनुसार इस नियम को तत्काल बदल दिया जाये। इस मैच में पंजाब की पारी के अंतिम ओवर में मुंबई के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने पारी की आखिरी गेंद विष्णु विनोद के पैड पर डाली, जिस पर मैदानी अंपायर ने उन्हें तुरंत आउट करार दे दिया। विनोद ने तत्काल रिव्यू लेने का फैसला किया, और टीवी अंपायर ने रीप्ले देखने के बाद मैदानी अंपायर के फैसले को पलट दिया, जिससे विनोद को नॉट आउट घोषित किया गया। हालांकि, अंपायर द्वारा आउट दिए जाने के बाद गेंद को डेड घोषित कर दिया गया था, जिसके चलते पंजाब किंग्स को लेग-बाय का एक भी रन नहीं दिया गया। अश्विन ने इसी डेड बॉल नियम की व्याख्या पर गंभीर सवाल उठाए हैं, जो उनके अनुसार टीम को अनावश्यक नुकसान पहुंचाता है।

इस घटना से नाराज रविचंद्रन अश्विन ने सोशल मीडिया पर इस नियम को कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने लिखा, गलत फैसले की वजह से पंजाब को एक रन का नुकसान हुआ और इस नियम को जल्द से जल्द बदलना चाहिए।

# इस बार फीफा विश्वकप जीतना चाहेंगे रोनाल्डो



लिस्बन। पुर्तगाल की फुटबॉल टीम के कप्तान और स्टार स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के नाम अब तक कई खिताब है पर वह आज तक फीफा विश्व कप नहीं जीत पाये हैं। ऐसे में अब 41 साल के हो रहे रोनाल्डो के पास विश्वकप जीतने का अंतिम अवसर है जिसका वह पूरा लाभ उठाना चाहेंगे। पांच बार के बैलन डीओर विजेता रहे रोनाल्डो ने अपने करियर में हर बड़ी ट्रॉफी जीती है पर विश्कप में अब तक वह सफल नहीं हुए है।

इसलिए वह इस बार इसे हासिल करने का पूरा प्रयास करेंगे। विश्कप 11 जून से अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में खेला जाएगा।

रोनाल्डो ने अब तक पुर्तगाल के लिए रिकॉर्ड 226 मैचों में 143 गोल किए हैं, जो अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में एक विश्व रिकॉर्ड है। यह आंकड़े उनकी अटूट प्रतिबद्धता और असाधारण कौशल को दिखाता है। इस साल की शुरुआत में उन्हें हैमस्ट्रिंग में खिंचाव का पर अगर वह पूरी तरह से फिट हो जाते हैं तो उनका विश्वकप खेलना तय है।

यदि रोनाल्डो विश्व कप 2026 में खेलते हैं, तो वह लियोनेल मेसी के साथ छह विश्व कप खेलने वाले इतिहास के पहले पुरुष फुटबॉलर बन जाएंगे। रोनाल्डो ने पहले ही यह साफ कर दिया है कि यह उनके करियर का आखिरी विश्व कप होगा। इससे इस विश्वकप का महत्व उनके लिए और बढ़ जाता है।

विश्वकप में पुर्तगाल को ग्रुप-के में रखा गया है, जहां उसे कोलंबिया, उज्बेकिस्तान और कांगो जैसी टीमों का सामना करना होगा। इस ग्रुप को देखते हुए, पुर्तगाल के अगले दौर में पहुंचने की संभावना काफी बेहतर मानी जा रही है। विश्व कप 2022 में पुर्तगाल की टीम क्वार्टर फाइनल तक पहुंची थी पर मोरक्को से 1-0 से मिली अप्रत्याशित हार के साथ वह बाहर हो गयी थी।

उस महत्वपूर्ण मुकाबले में रोनाल्डो दूसरे हाफ में बतौर सब्स्टीट्यूट मैदान पर उतरे थे। इस बार, पुर्तगाल का पहला मुकाबला 17 जून को ह्यूस्टन में कांगो के खिलाफ खेला जाएगा।

ग्रुप में कोलंबिया जैसी मजबूत टीम भी पुर्तगाल को कड़ी चुनौती दे सकती है।

# प्रीति जिंटा ने कठिन समय में अपनी टीम पंजाब किंग्स का हौंसला बढ़ाया



धर्मशाला। आईपीएल 2026 में पंजाब किंग्स की टीम को बेहतरीन शुरुआत के बाद पिछले पांच मैचों से लगातार हार का सामना करना पड़ रहा है। इसके बाद भी टीम की सह-मालकिन प्रीति जिंटा का समर्थन टीम को मिला है। प्रीति जिंटा ने लगातार अपनी टीम का हौंसला कठिन समय में बढ़ाया है। अपनी मुस्कान और सकारात्मक ऊर्जा से वह एक उम्मीद की किरण बनी हुई हैं। मुंबई इंडियंस के खिलाफ मिली करारी हार के बाद भी प्रीति खिलाड़ियों के साथ नजर आयीं।

मुम्बई के खिलाफ मिली इस हार से पंजाब की प्लेऑफ की उम्मीदें जरुर कमजोर हुई पर इस मौके पर भी प्रीति ने स्टेडियम में मौजूद टीम प्रशंसकों को टी-शर्ट बॉटकर उनका दिल जीता। सोशल मीडिया पर प्रीति और प्रशंसकों के बीच इस दौरान हुई बातचीत की तस्वीरें भी तेजी से वायरल हुई, इसमें प्रशंसकों ने प्रीति के इस भाव की खूब सराहना की। यह घटना एक बार फिर साबित करती है कि प्रीति जिंटा अपनी टीम और उसके प्रशंसकों के साथ भावनात्मक रूप से जुड़ी हुई हैं।

वह हर मैच में अपनी टीम का हौसला बढ़ाने के लिए स्टेडियम पहुँचती हैं। चाहे जीत हो या हार, वह हमेशा अपनी टीम और खिलाड़ियों के साथ खड़ी नजर आती हैं। यह उनकी अटूट निष्ठा और खेल भावना ही है जो पंजाब किंग्स के समर्थकों को भी मैदान में उनकी उपस्थिति से उत्साहित करती है। जहाँ आम तौर पर लगातार हार के बाद किसी भी टीम के माहौल में नकारात्मकता हावी हो जाती है, वहीं प्रीति जिंटा का धैर्य और सकारात्मक रवैया खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिए एक प्रेरणा का स्रोत बना हुआ है।

# श्रीजेश के आरोपों को टिर्की ने खारिज किया, बेहतर अनुभव के साथ करें वापसी

## किसी खिलाड़ी के लिए हॉकी इंडिया के दरवाजे बंद नहीं



नई दिल्ली। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने पूर्व ओलंपियन पी आर श्रीजेश के आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि उनके लिए कोच बनने की राह हमेशा खुली हुई है और बेहतर अनुभव लेकर वह जब चाहे आ सकते हैं पर उन्हें इस प्रकार आधारहीन आरोप नहीं लगने चाहिये। ये मामला जूनियर टीम के कोच पद से श्रीजेश को हटाकर यूरोप के अनुभवी कोच फ्रेडरिक सोयेज को नियुक्त करने के बाद शुरु हुआ। श्रीजेश ने कहा है कि अच्छ काम करने के बाद भी उन्हें हटाकर विदेश कोच रखा गया। इसपर हॉकी इंडिया ने कहा कि ये भविष्य की योजना के तहत किया गया है। टिर्की ने कहा कि भारतीय हॉकी में इस प्रकार की फूट डालो और राज करो की रणनीति अब स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि सभी फैसले सामूहिक रूप से लिए जाते हैं और इनका लक्ष्य हॉकी की भलाई रहता है। टिर्की ने वह खिलाड़ी पहले हैं और खेल प्रशासक बाद में। टिर्की ने कहा कि उनके अध्यक्ष रहते हॉकी इंडिया में सभी निर्णय सामूहिक रूप से लिए गए हैं और उनकी पहली प्राथमिकता खिलाड़ियों के प्रति है। इस कारण उन्होंने हमेशा खिलाड़ियों से सीधे बात की है

टिर्की ने कहा कि भारत के लिए खेल चुके खिलाड़ियों के लिए हॉकी इंडिया के दरवाजे कभी बंद नहीं होंगे। उन्होंने भारतीय कोचों को बढ़ावा देने के खेल मंत्रालय के विजन पर काम करने की बात दोहराई और कहा कि उनकी नजरें 2032 और 2036 ओलंपिक पर हैं। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि श्रीजेश भारतीय सीनियर टीम के कोच हो सकते हैं, लेकिन उन्हें अभी और अनुभव की आवश्यकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि श्रीजेश का कार्यकाल समाप्त होने पर, हॉकी इंडिया ने सर्वसम्मति से एक अनुभवी कोच लाने का फैसला किया था क्योंकि टीम का प्रदर्शन अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहा था। टिर्की ने कहा कि अंडर-21 टीम बेहद महत्वपूर्ण है और उसे एक अनुभवी कोच की आवश्यकता है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि हॉकी इंडिया को जल्दबाजी के बजाय सोच-समझकर कोचों की नियुक्ति करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि भारतीय हॉकी के इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ कि किसी खिलाड़ी को संन्यास के बाद बिना किसी अनुभव के तुरंत कोच बना दिया गया हो।

# आईपीएल में आज होगा केकेआर और टाइटंस में मुकाबला

## शाम 7- 30 पर खेला जाएगा मैच




कोलकाता। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीम शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मुकाबले में गुजरात टाइटंस का मुकाबला करेगी। इस मैच में दोनो ही टीमें जीत के इरादे से उतरेंगी। जहां केकेआर का लक्ष्य इस मैच को बड़े अंतर से जीतकर प्लेऑफ के लिए अपनी हल्की सी उम्मीदें बनाये रखना रहेगा। वहीं गुजरात टाइटंस इस मैच को जीतकर प्लेऑफ में जगह बनाना चाहेगी। इस सत्र में अब तक के प्रदर्शन को देखते हुए गुजरात टाइटंस जीत की प्रबल दावेदार नजर आती है।

इस सत्र में जब पिछली बार इन दोनों टीमों में मुकाबला हुआ था तब गुजरात टाइटंस ने केकेआर को 5 विकेट से मात दी थी। ऐसे में अब केकेआर हिसाब बराबर करना चाहेगी। आंकड़ों पर नजर डालें तो अब तक दोनो ही टीमों के बीच 6 मुकाबले हुए हैं जिसमें से केकेआर ने 1 जबकि गुजरात ने 4 जीते हैं, वहीं एक मैच का परिणाम नहीं आया है।

इस मैच में केकेआर को अगर जीतना है तो उसे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। केकेआर की बल्लेबाजी कप्तान आजिंक्य रहाणे के अलावा अंगकृष रघुवंशी, कैमरून ग्रीन और रिंकू सिंह पर आधारित रहेगी। वहीं गेंदबाजी कार्तिक त्यागी, वैभव अरोड़ा के अलावा रहस्यमी स्पिनर सुनील नरेन पर आधारित रहेगी दूसरी ओर इस सत्र में शुभमन गिल की कप्तानी में शानदार प्रदर्शन कर रही गुजरात की बल्लेबाजी शुभमन के अलावा साई सुदर्शन और राहुल तेवतिया पर आधारित रहेगी। टीम की गेंदबाजी की कमान कगिसो रबाडा, मोहम्मद सिराज के अलावा स्पिनर राशिद खान संभालेंगे।

केकेआर - अजिंक्य रहाणे , फिल एलन, अंगकृष रघुवंशी , कैमरून ग्रीन, मनीष पांडे, रिंकू सिंह, रोवमैन पॉवेल, सुनील नारायण, अनुकूल रॉय, वैभव ।

# फिल सॉल्ट शीघ्र कर सकते हैं वापसी - पाटीदार



मुम्बई। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कप्तान रजत पाटीदार ने कहा है कि टीम के आक्रामक सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट शीघ्र ही टीम में वापसी कर सकते हैं। सॉल्ट करीब एक महीने से उंगली की चोट के कारण टीम से बाहर हैं। पाटीदार के अनुसार साल्ट अब पहले से काफी बेहतर हैं और उनके शीघ्र ही टीम से जुड़ने की संभावना है।

सॉल्ट ने आखिरी बार 18 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबला खेला था। इसके बाद उनकी उंगली में चोट लग गई थी, जिसके चलते उन्हें स्कैन और रिकवरी के लिए इंग्लैंड लौटना पड़ा था। साल्ट के बाहर होने से टीम संयोजन प्रभावित हुआ है।

सॉल्ट का टीम में होना आरसीबी के लिए इसलिए भी अहम है क्योंकि वह प्लेऑफ में जगह बनाने के करीब है। पिछली कुछ टी20 पारियों में संघर्ष के बाद, सॉल्ट ने आईपीएल के इस सत्र में जबरदस्त वापसी की थी। उन्होंने सत्र में 202 रन बनाए हैं, जिसमें उनका औसत 33.66 और स्ट्राइक रेट 168.33 का रहा है। मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ उन्होंने दो शानदार अर्धशतकीय पारियां भी खेली थीं, जिससे टीम को अच्छी शुरुआत मिली थी। सॉल्ट की गैरमौजूदगी में युवा जैकब बेथेल को पारी की शुरुआत की जिम्मेदारी मिली पर वह सफल नहीं रहे। बेथेल छह मैचों में केवल 85 रन बना पाये।

# ईसीबी ने पहली बार पूर्व महिला क्रिकेटर को बनाया पुरुष टीम का कोच



लंदन। इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने पहली बार एक महिला क्रिकेटर को पुरुष क्रिकेट टीम का कोच बनाया है। पूर्व विकेटकीपर सारा टेलर को न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी सीरीज के लिए इंग्लैंड की सीनियर पुरुष टेस्ट टीम का फील्डिंग कोच बनाया गया है। उन्हें कार्ल हॉपकिंसन की जगह कोच बनाया गया है। हॉपकिंसन अभी आईपीएल करार के कारण उपलब्ध नहीं हैं।ईसीबी के क्रिकेट निदेशक रॉब की सारा को कोच बनाने की घोषणा की। सारा की नियुक्ति क्रिकेट में लैंगिक समानता की दिशा में एक बड़ा और महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

सारा महिला क्रिकेट की शीर्ष खिलाड़ियों में शामिल रही हैं। उन्होंने अपने शानदार करियर में सभी प्रारुपों में कुल मिलाकर 226 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। वह बेहतरीन विकेटकीपरों में से एक रही हैं। क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद से ही सारा ने कोचिंग का काम संभाला। उन्होंने पहले एंड्रयू फ्लिंटॉफ के नेतृत्व में इंग्लैंड लायंस (इंग्लैंड ए) टीम के साथ भी कोच के तौर पर काम किया है। इसमें उनके प्रदर्शन की काफी सराहना की गई। इसी को देखते हुए उन्हें सीनियर टीम के सहयोगी स्टाफ में शामिल किया गया है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने ससेक्स की पुरुष टीम और मैनचेस्टर ओरिजिनल्स के साथ भी फील्डिंग कोच के रूप में अहम भूमिकाएँ निभाई हैं। सारा को कोच बनाये जाने को लेकर ईसीबी के क्रिकेट निदेशक रॉब ने प्रशंसा करते हुए कहा, मुझे लगता है कि वह अपने काम में माहिर और सर्वश्रेष्ठ लोगों में से एक हैं। उनका प्रदर्शन असाधारण रहा है और उन्होंने एंड्रयू फ्लिंटॉफ और एड बर्नी के साथ काफी काम किया है। ये दोनों ही उनकी जमकर तारीफ करते हैं। की ने आगे कहा, इसलिए जैसा कि हमें दिख रहा है, वह अपने क्षेत्र की सर्वश्रेष्ठ लोगों में से एक हैं। वह जिस तरह से अपना काम करती हैं उससे हम पूरी तरह से और अविश्वसनीय रूप से प्रभावित हैं।

